www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 346 || अम्बेडकरनगर
रविवार
15 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:17
सूर्यास्त: 06:14
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 19°00



पेज 07

**विशेष समाचार** भारत में बेहतर शासन... >> पेज 04 | यूपी में बारिश-ओले का अलर्ट... >> पेज 06 | 61 के हुए आमिर खान...



## कालाबाजारी पर एक्शन

उत्तर प्रदेश में 1400 जगह पर सरप्राइज चेकिंग की गई। यहां 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एक ही दिन में देशभर में अपने 1300 डिस्ट्रीब्यूटरों की औचक जांच की है।

■ ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया है, जिसके बाद राजधानी यरुशलम के ऊपर धमाकों की आवाज सुनाई दी। इजराइली सेना के मुताबिक मिसाइलों का पता लगते ही एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया।

■ सेना ने कहा कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम आने वाली मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर रहे हैं। मिसाइल हमले के बाद पश्चिमी यरुशलम में कई धमाके सुने गए।

## यूएई बोला- ईरान के खाड़ी देशों पर हमले नैतिक दिवालियापन

संयुक्त अरब अमीरात ने खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी आलोचना की है। UAE के राष्ट्रपति के सीनियर कूटनीतिक सलाहकार अनवर गर्गाश ने कहा कि यह ईरान का 'नैतिक दिवालियापन' है। गर्गाश ने कहा कि ईरान की रणनीति यह दिखाती है कि वह अमेरिका और इजराइल के हमलों का सीधे सामना करने में असमर्थ है और इसलिए अरब खाड़ी देशों को निशाना बना रहा है। उन्होंने ईरान से अपील की कि वह अपने पड़ोसी देशों को निशाना बनाना बंद करे और क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता के प्रयासों को शुरू करे।

## दो भारतीय जहाज शिवालिक और नंदा देवी ने होर्मुज का खतरनाक रास्ता पार किया

# आ रही एलपीजी की बड़ी खेप

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 15वां दिन है। खाड़ी देशों से LPG लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर गए हैं। ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी और अब ये भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं।

शिपिंग जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के मुताबिक भारतीय झंडे वाले LPG कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार होर्मुज स्ट्रेट पार किया। दोनों जहाज कुल 92,700 टन LPG लेकर भारत आ रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे हैं और इनके अगले 2–3 दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो मिडिल-ईस्ट में जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में फंस गए थे।



■ 2-3 दिन में भारत पहुंचेंगे एलपीजी ला रहे भारतीय जहाज

इससे पहले भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान ने कई भारतीय जहाजों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दी है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कुल कितने जहाजों को अनुमति दी गई। >> (शेष पेज 06 पर)

### यूएई बोला- ईरान के खाड़ी देशों पर हमले नैतिक दिवालियापन

संयुक्त अरब अमीरात ने खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी आलोचना की है। UAE के राष्ट्रपति के सीनियर कूटनीतिक सलाहकार अनवर गर्गाश ने कहा कि यह ईरान का 'नैतिक दिवालियापन' है। गर्गाश ने कहा कि ईरान की रणनीति यह दिखाती है कि वह अमेरिका और इजराइल के हमलों का सीधे सामना करने में असमर्थ है और इसलिए अरब खाड़ी देशों को निशाना बना रहा है।

उन्होंने ईरान से अपील की कि वह अपने पड़ोसी देशों को निशाना बनाना बंद करे और क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता के प्रयासों को शुरू करे।



## 92,700

करीब मेट्रिक टन एलपीजी के साथ ईरान ने भारत के दो जहाजों को हार्मुज जलडमरूमध्य पार करने की इजाजत दी. जैसा कि कल भारत में ईरान के राजदूत ने कहा था कि भारत के जहाजों के लिए ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोल देगा

### सरकार बोली-दिल्ली के होटल -रेस्टोरेंट कचरे से बनी गैस इस्तेमाल करें

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-NCR की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (RDF) पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।

कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट यानी CAQM ने यह आदेश जारी किया है। रिफ्यूज-डिराइव्ड फ्यूल (RDF) असल में कचरे से बनाया गया एक तरह का ईंधन है। इसमें नगर निगम और इंडस्ट्रीज से निकलने वाले सूखे कचरे-जैसे प्लास्टिक, कागज, कपड़ा और लकड़ी को प्रोसेस किया जाता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई शुरू

सरकार बोली- घबराकर बुकिंग न करें दिल्ली के होटल-रेस्टोरेंट कचरे से बनी गैस इस्तेमाल करें

नई दिल्ली । सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल LPG सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी। वहीं, सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-NCR की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।



यूपी के फर्रुखाबाद में सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे मोहम्मद मुख्तियार (76) की तबीयत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर भागे, लेकिन उनकी मौत हो गई। मुख्तियार शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे एजेंसी पहुंचे थे। लाइन में लगे-लगे अचानक गिर पड़े।

**फास्ट न्यूज**

### एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता

हैदराबाद । सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि AI वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो AI समय बचा सकता है ।

**परीक्षा जांच**

### पुलिस बोर्ड बोला- दरोगा भर्ती का वायरल पेपर फर्जी

लखनऊ/प्रयागराज/मेरठ। यूपी में आज से दरोगा भर्ती की परीक्षा शुरू हो गई। प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले कैंडिडेट्स की 3 लेयर में चेकिंग की गई। सिर्फ प्रवेश पत्र और आईडी के साथ ही उन्हें अंदर जाने दिया गया। ड्यूटी पर लगे पुलिसवालों के फोन भी जमा करा लिए गए। CCTV से चप्पे-चप्पे की मॉनिटरिंग की गई। वाराणसी में पुरुष अभ्यर्थियों के जूते, मोजे और बेल्ट उतरवा लिए गए। चाकू से कलावा काटा गया। महिला कैंडिडेट्स की ज्वैलरी उतरवा दी गई। चूड़ी, बिछिया और कान की बाली निकलवाकर ही परीक्षा केंद्र में एंट्री दी गई।

### सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया

नई दिल्ली । केंद्र ने शनिवार को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्योरिटी एक्ट हटा दिया। सरकार ने कहा कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने NSA एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है।

## बेगूसराय में सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक


### हेलीपैड में घुसा बैल, पुलिस वालों को दौड़ाया

**सभा**

तमसा संकेत, एजेंसी

बेगूसराय । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा बेगूसराय पहुंची। सभा को संबोधित कर करते हुए CM ने कहा, 'हम लोगों की सरकार आपके लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र भी लगातार मदद कर रही है। हमारी सरकार आने से पहले पुरानी वाली सरकार ने बुरा हाल कर रखा था। शाम में लोग घर से निकलने से डरते थे। पहले शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। उन लोगों को काम रद्दी था।'

CM के संबोधन के दौरान कुछ महिलाएं उठकर जाने लगीं। इस पर



■ 2005 में एनडीए की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'अरे कहां भाग रहे हो हम बंद कर दें। कोई पीछे से भाग रहा है, कोई आगे से भाग रहा है। बैठिए अभी। हाथ उठाकर बताइए हम बोलें या नहीं। अब तो सब कुछ कर ही रहे हैं, फिर क्यों भाग रही हो। बैठिए और चुपचाप सुनिए।' >> (शेष पेज 06 पर)

## मस्जिद में नमाजियों की संख्या कम कराने पर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

# संभल डीएम और एसपी कानून नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें : एचसी

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

संभल । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने पर संभल DM और SP को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- प्रशासन मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं कर सकता। अगर डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके विश्नोई को लगता है कि वे कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। या फिर ट्रांसफर करवा लेना चाहिए। हर परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनका काम है। संभल में CO कुलदीप कुमार का 'जहाज में बैठकर ईरान चले जाओ' वाला बयान तूल पकड़ता जा रहा है। >> (शेष पेज 06 पर)



■ संभल डीएम राजेंद्र पेंसिया (काले कोट में) और एसपी केके विश्नोई ने हाल ही में एक साथ शहर में फ्लैग मार्च किया था।

अफसर ने कहा था- जिन्हें खुजली हो रही, वह ईरान चले जाएं, यहां छाती न पीटें

### सरकारी वकील बोले- कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए प्रशासन ने रोका

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया- रमजान के दौरान मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका जा रहा। रमजान चल रहा है। ऐसे में परिसर के भीतर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ सकते हैं। वहीं, सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाजियों की संख्या सीमित करने का आदेश दिया था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार के वकील के तर्क को खारिज कर दिया। >> (शेष पेज 06 पर)




### 'बर्दाश्त नहीं करेंगे'

हैदराबाद में सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- एक डीएसपी साहब हैं, वो मुसलमानों को बैठाकर कहते हैं- इजराल-अमेरिका और ईरान की जंग रही है। तुम लोग ईरान को लेकर क्यों प्रदर्शन कर रहे हो। तुम लोग रोड पर नमाज क्यों पढ़ते हो। बर्दाश्त नहीं करेंगे, जेल भेज देंगे। >> (06 पर)

**विवाद :** ममता की मंत्री बोलीं- मुझे ईंट मारी गई, पीएम बोले जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू

# मोदी की रैली से पहले भाजपा टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से पहले भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद हुआ है। गिरीश पार्क एरिया में दोनों ग्रुप ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा।

पश्चिम बंगाल में उद्योग, वाणिज्य और उद्यम मंत्री शशि पंजा ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान मुझ पर ईंट मारी गई। भाजपा गुंडा नहीं है, हत्यारी है। मंत्री पंजा का यहीं पर घर है। कोलकाता में अपने संबोधन कि दौरान पीएम ने



कहा कि जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू हो गया है। ये निर्मम वाली सरकार का अंत करीब आ गया है।

पीएम ने कहा कि पहले कांग्रेस, फिर कम्यूनिस्ट अब टीएमसी, ये लोग एक के बाद एक आते रहे और अपनी जेब भरते रहे। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है ये हालात बदले, बंगाल के युवाओं को बंगाल में काम मिले, नौजवान बंगाल के विकास का नेतृत्व करे। भाजपा बंगाल को महान बनाने के लिए काम करेगी। सही नीतियों और



■ कोलकाता में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद हुआ। पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

> पीएम मोदी आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। उन्होंने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 18,680 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। उनके साथ मंच पर बीजेपी नेता और पश्चिम बंगाल के गवर्नर आरएन रवि मौजूद रहे।

### पीएम ने कहा- बंगाल में एक ही चर्चा है कि बदलाव चाहिए

पीएम ने कहा कि पूरे बंगाल में एक ही चर्चा है कि बदलाव चाहिए, जब-जब इस भूमि पर चुनौती आई तब तब यहां के लोगों ने सामना किया है। कुछ लोग आपको डराने की कोशिश करेंगे, लेकिन जब जनता ठान लेती है तो कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। इस बार चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का नहीं बंगाल की आत्मा को बचाने का है। आने वाले परिवर्तन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

नीयत से राज्य में विकास होगा और किसानों, युवाओं, व्यापारियों और छात्रों को फायदा मिलेगा। >> (शेष पेज 06 पर)

## मोतीमहल लॉन में सपा नेता का रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम

### अखिलेश यादव बोले-ऐसे आयोजन बढ़ाते हैं भाईचारा

**आयोजन**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के मोतीमहल लॉन में शनिवार को पूर्व मंत्री सलाहुद्दीन सिद्दीकी उर्फ़ मुशन की ओर से भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोज़ेदारों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ रोज़ा खोला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav शामिल हुए।

इफ्तार के बाद Maulana Khalid Rasheed Firangi Mahali ने नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद उन्होंने देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए विशेष दुआ की। इस दौरान मौजूद लोगों ने भी देश की तरक्की और समाज में शांति बनाए रखने की कामना की। >> (शेष पेज 06 पर)



■ मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कराई नमाज और मुल्क में अमन-चैन की दुआ

### 25 मार्च को प्रदेशभर के विद्यालयों में 'नवआरंभ उत्सव', बालवाटिका नामांकन अभियान को मिलेगा बढ़ावा

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में अहम पहल

- 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन
- बालवाटिका की गतिविधियों और सुविधाओं से अभिभावकों को कराया जाएगा अवगत

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 25 मार्च 2026 को प्रदेश के सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में 'नवआरंभ उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना तथा अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 'नवआरंभ उत्सव' के माध्यम से 3 से 4 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक बच्चों को बालवाटिका से जोड़ा जाएगा, जिससे बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव तैयार हो सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने बच्चों का नामांकन बालवाटिका में कराएं, ताकि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण मिल सके। बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत वर्ष 2030 तक प्रारंभिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

#### कार्यक्रम के आयोजन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई

अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, बालवाटिका की अवधारणा पर प्रस्तुतीकरण, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कक्षा-1 में प्रवेश के लिए पात्र बच्चों की सूची अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाएगी और क्रियाशील बालवाटिका का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिससे अभिभावकों को विद्यालय के शैक्षिक वातावरण की जानकारी मिल सके।



# 'लखनऊ विश्वविद्यालय में दलित छात्रों को टारगेट किया जाता है'

### हजरतगंज में स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन, बोले- यूजीसी रेगुलेशन लागू हो

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय पर बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (BAPSA) से जुड़े छात्रों ने बड़ा आरोप लगाया है। संगठन के स्टूडेंट्स ने हजरतगंज के परिवर्तन चौक पर शनिवार को प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने कहा कि हमारे लिए UGC रेगुलेशन लागू किया जाए।

जब तक UGC लागू नहीं होता, तब तक प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा। हम यहीं धरने पर बैठे रहेंगे। कुछ देर धरने पर बैठने के बाद छात्रों ने वहां से विधानसभा की तरफ कूच कर दिया। पुलिस ने उन्हें केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के नीचे बैरिकेडिंग कर रोक दिया।

प्रदर्शन कर रहे मानव रावत ने कहा कि यह लड़ाई लंबी है। यह सिर्फ हमारी अधिकारों की नहीं भविष्य को बचाने की लड़ाई है।

#### 'दलित छात्रों के साथ होता है भेदभाव'

लखनऊ विश्वविद्यालय के आकाश ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में OBC, SC और ST वर्गों के साथ भेदभाव की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। छात्रों को उनके जाति के आधार पर कई तरीके की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

सवर्ण जाति के शिक्षक सरनेम देखकर दलित छात्रों के इंटरनल में नंबर काट लेते हैं। अगर सवर्ण छात्रों के बीच दूसरे छात्रों का विवाद होता है तो शिक्षक सवर्ण छात्र का साथ देते हैं। ऐसे तमाम भेदभाव को खत्म करने के लिए यूजीसी बेहद जरूरी है।

**फास्ट न्यूज**

### 15 हजार लोगों का बिजली कनेक्शन कटा

लखनऊ । स्मार्ट मीटर की बिलिंग माइनस में जाने के बाद लखनऊ में 15 हजार लोगों का बिजली कनेक्शन कट गया। इसके बाद शनिवार को बिजली बिल जमा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बालू अड्डा स्थित ऑफिस पर पहुंचे लोगों ने कहा- बिजली बिल जमा करने के बाद भी आज लाइट नहीं जुड़ी। तीन घंटे से दौड़ रहे हैं। जेई, एक्सईएन और चीफ तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कनेक्शन नहीं जुड़ा है। इससे समस्या बढ़ गई है।

### लखनऊ में युवक के पेट में चाकू मारा

लखनऊ । लखनऊ के कैसरबाग क्षेत्र में मामूली विवाद में दबंगों ने 3 भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। घर के बाहर लगे झूले पर झूलने को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

मछली महोल जम्बूर खाना के रहने वाले नासिर अली ने बताया कि शुक्रवार को घर के बाहर झूला झूलने को लेकर फैजी, जीशान और जावेद से विवाद हो गया। तीनों ने एक राय होकर नासिर के भाइयों अमन, अफजल और फहद पर हमला कर दिया।

### स्कूल से घर लौट रही बीए छात्रा से मोबाइल छीना

लखनऊ । लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने बीए सेकंड ईयर की छात्रा से मोबाइल छीन लिया। वारदात जनता डेयरी के सामने करीब दोपहर 1 बजे हुई। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से जांच कर रही है।

# एलएसजी का इकाना स्टेडियम में लगेगा कैंप

### एडम मार्करम और निकोलस पूरन भी जल्द जुड़ेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । आईपीएल की तैयारियों के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) खिलाड़ियों का लखनऊ आना शुरू हो गया है। 16 मार्च से इकाना स्टेडियम में टीम का कैंप लगने लगेगा। इसमें खिलाड़ी प्रैक्टिस करेंगे। LSG के ग्लोबल डायरेक्टर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला खिलाड़ी टॉम मूडी और हेड कोच जस्टिन लैंगर के अलावा टीम का कोचिंग स्टाफ शनिवार को आ गया है। 15 मार्च को टीम के कप्तान ऋषभ पंत समेत अधिकतर भारतीय खिलाड़ी लखनऊ में दोपहर के समय आ जाएंगे और 16 मार्च से एलएसजी का कैंप इकाना स्टेडियम में शुरू हो जाएगा। टीम के अहम खिलाड़ियों में शुमार ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श, दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्करम और वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन के 18 से 20 मार्च तक लखनऊ आने की संभावना है।

लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) की टीम अपने होम ग्राउंड यानी इकाना स्टेडियम में एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसमें टीम को कुल चार मैच खेलने हैं, जिसमें दो मैच घर और दो मैच बाहर होंगे। टीम को अपना दूसरा मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच अप्रैल को हैदराबाद में, तीसरा मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ कोलकाता में और चौथा मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ लखनऊ में खेलना है।

### गैस की भारी किल्लत और कीमतों में वृद्धि के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं का प्रदेशव्यापी जोरदार विरोध प्रदर्शन

# गैस की आपूर्ति बहाल करने और कीमतें वापस लेने की मांग

**मोदी सरकार की गलत नीतियों ने देश को गैस संकट और महंगाई की दोहरी मार में धकेल दिया: विनय पटेल**

- देश में गैस की भारी किल्लत से होटल, ढाबे और स्ट्रीट फूड कारोबार ठप, लाखों लोगों के सामने रोज़गार का संकट
- घरेलू गैस पर 60 और कमर्शियल सिलेंडर पर 120 की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला है: दिनेश पटेल
- मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश की जनता गैस के लिए लाइनों में लगने को मजबूर : दिनेश

तमसा संकेत, संवाददाता






लखनऊ । देश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत, गैस की आपूर्ति में गंभीर बाधा और सिलेंडरों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर शनिवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ललितपुर, गाजियाबाद, बहराइच, बागपत, जालौन, मुजफ्फरनगर, चंदौली, वाराणसी, आगरा, बदायूं, मैनपुरी, मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में स्वास्थ्य भवन चौराहा, कैसरबाग पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल के नेतृत्व में तथा लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया । इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक और ऊर्जा नीतियों के कारण आज देश गैस के गंभीर संकट से जूझ रहा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी के कारण पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है और आम जनता गैस के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हो गई है। उन्होंने कहा कि देश में आज गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के कारण अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है। कई शहरों में होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े हजारों छोटे कारोबार गैस न मिलने के कारण बंद होने लगे हैं। इससे लाखों लोगों के सामने रोज़गार और आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मोदी सरकार की गलत ऊर्जा और आर्थिक नीतियों के कारण आज देश गैस संकट और महंगाई की दोहरी मार झेल रहा है।

विनय पटेल ने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 60 और कमर्शियल सिलेंडर के दामों में 120 की बढ़ोतरी ने आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

### महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन रही हैं स्वयं सहायता समूह की 'दीदियां' : केशव प्रसाद

# सरस महोत्सव महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम



तमसा संकेत, संवाददाता



**मौर्य ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में हुए व्यापक सुधार के कारण महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिला है। अपराधियों और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के चलते महिलाएं निर्भय होकर आगे बढ़ रही हैं और अपने उद्यमों को विकसित कर रही हैं।**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में आयोजित सरस महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आज प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।श्री केशव प्रसाद मौर्य परेड मैदान प्रयागराज मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित दस दिवसीय सरस मेला का शुभारम्भ करने के उपरांत महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। जो महिलाएं पहले घर की चाहरदीवारी तक सीमित रहती थीं, आज वे अपने परिश्रम और उद्यमिता से परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव और समाज में सम्मान प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ी है और उन्हें परिवार तथा समाज में पहले से अधिक सम्मान मिल रहा है।

#### उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का अवसर

सरकार के सहयोग से ये महिलाएं तेजी से "लखपति दीदी" बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि समाज में उनका सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं केवल छोटे स्तर तक ही सीमित न रहें, बल्कि उन्हें उद्योग, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जाए।

#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को उद्योग स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता और अनुदान उपलब्ध करा रही है। यदि कोई समूह 5 करोड़ रुपये की लागत से कोई फैक्ट्री या उत्पादन इकाई स्थापित करता है, तो उसे 1 करोड़ 75 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 90 प्रतिशत की अतिरिक्त सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। जिससे महिलाएं बड़े स्तर पर उद्योग स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आज कपड़ा निर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, कैंटीन संचालन, परिवहन तथा अन्य कई प्रकार के उद्यमों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ा रही हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है और महिलाएं परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# मलिहाबाद में अभद्र टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी



- संगठनों ने मुख्यमंत्री की माताजी पर टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग की

मलिहाबाद । लखनऊ के मलिहाबाद में विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रवादी संगठनों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताजी के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त को संबोधित एक ज्ञापन चौकी इंचार्ज को सौंपा। यह टिप्पणी बिहार प्रदेश के निवासी अब्दुल सलीम द्वारा शनिवार दोपहर को की गई थी। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह टिप्पणी आपत्तिजनक और मर्यादा के खिलाफ है। सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री संग्राम सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह सहित अनिल सिंह, शैलेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अविनाश कुमार यादव, मीनू श्रीवास्तव, राकेश पांडेय और गुलजारीलाल ने इस टिप्पणी की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणी किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे समाज की मर्यादा और भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस घटना से प्रदेश के नागरिकों में आक्रोश है और समाज में व्यापक रोष व्याप्त है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने का साहस न कर सके।

### कालाबाजारी : लखनऊ में गोदामों के बाहर लगी कतारें, बुजुर्ग महिला सिलेंडर लुढ़काते हुई पहुंची

# गैस के लिए गाड़ी के सामने लेटा युवक

तमसा संकेत, एजेंसी



विकासनगर स्थित एक गैस एजेंसी के सामने ग्राहक ने खूब बवाल किया। उसने सड़क पर लेटकर गाड़ी को निकलने नहीं दिया।

लखनऊ । लखनऊ में एलपीजी सिलेंडर के लिए एक ग्राहक डिलीवरी गाड़ी के सामने लेट गया। उसका कहना था कि जब तक उसे सिलेंडर नहीं मिलेगा, तब तक वह नहीं उठेगा। वहीं, शहर के कई गैस गोदामों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। कई इलाकों में फास्ट फूड और चाय-नाश्ते की दुकानें भी बंद हो गई हैं।

इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर प्रदेशभर में बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रवर्तन टीमों ने 1483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की, जिसमें 24 FIR दर्ज कर 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारत गैस गोदाम इंचार्ज विमलेश यादव ने बताया-गैस सिलेंडर पर्याप्त संख्या में हैं। बुकिंग के बाद करीब डेढ़ सौ सिलेंडर उपभोक्ता को दिए जा चुके हैं। उतरेठीया गांव में गाड़ी लगाकर बांट रहे हैं।

मोहनलालगंज के सदगुरु कैटर्स के संचालक लल्लू ने बताया कि इन दिनों गैस सिलेंडर समय से नहीं मिल पा रहे हैं। कई बार कार्यक्रम के दिन तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में मजबूरी में अस्थायी चूल्हे बनाकर लकड़ी की भट्ठियों पर ही मेहमानों के लिए भोजन तैयार करना पड़ रहा है।

#### महिला बोली- मिट्टी के चूल्हे को दोबारा तैयार किया

निगोहां की रामवती (58) बताती हैं कि कई दिनों से गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पा रही है। मजबूरी में घर में पहले इस्तेमाल होने वाले मिट्टी के चूल्हे को दोबारा तैयार कर लिया है। उनका कहना है कि पहले के समय में इसी तरह चूल्हे पर खाना बनता था, लेकिन अब लोग इसकी आदत छोड़ चुके हैं। ग्रामीणों के मुताबिक जिन घरों में अभी भी कच्ची जगह मौजूद है, वहां अस्थायी चूल्हा बनाकर खाना बनाना आसान है। लेकिन जिन घरों में पूरी तरह टाइल्स और मार्बल से किचन तैयार हो चुके हैं, वहां रहने वाले परिवारों के लिए चूल्हा जलाना संभव नहीं है। उन्हें पूरी तरह गैस सिलेंडर पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है।



गोसाईंगंज के अर्जुनगंज में गैस की गाड़ी आई है। लोग लाइन में लगकर सिलेंडर ले रहे हैं।

#### सिलेंडर के साथ भट्टी का इस्तेमाल शुरू

PGI इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट के मालिक ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि गैस की किल्लत के चलते रेस्टोरेंट में कुछ खाद्य पदार्थों को अस्थायी रूप से पकाना बंद करना पड़ा है। रेस्टोरेंट में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भोजन बनाने सहित अन्य कुछ जरूरतों को पूरा करने के लिए फिलहाल भट्टी का भी सहारा लिया जा रहा है।

# यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने के लिये एक सुरक्षित मंच

### यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन मंच है शी-बॉक्स पोर्टल

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। SHe Box (Sexual Harassment Electronic Box) भारत सरकार द्वारा संचालित एक ऑन लाइन पोर्टल है, जो कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने के लिये एक सुरक्षित और गोपनीय मंच प्रदान करता है। यह 2013 के POSH दजे अधिनियम के तहत काम करता है, जो निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में सभी कार्यरत महिलाओं के लिये उपलब्ध है।

**SHe-Box पोर्टल की मुख्य विशेषतायें -**

ऑन लाइन शिकायतः महिलाएँ घर बैठे ही SHe Box वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं।

गोपनीयताः आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखा जाता है।

बहुभाषी सहायताः पोर्टल हिन्दी और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में उपलब्ध है।

तेजी से कार्यवाहीः शिकायत सीधे संबंधित प्राधिकारी (कार्यालय में गठित IC आन्तरिक समिति अथवा जनपद स्तर पर गठित LC स्थानीय समिति)

**शिकायत कैसे दर्ज करें Step by Step-**

वेबसाइट पर जाएः शी-बाक्स के अधिकारिक वेबसाइट पर जाए, जिसका लिंक निम्नवत है- https://shebox.wcd.gov.in

**पंजीकरण -रजिस्टर योर कंप्लेट (Register Your Complaint) पर क्लिक करें।**

विवरण भरेंः अपनी और अपने कार्यस्थल से संबंधित सभी जानकारी सही-सही भरें।

सबमिट करेंः शिकायत सबमिट करें, और टैकिंग नम्बर संभाल कर रखें।

यह पोर्टल कामकाजी महिलाओं को सशक्त बनाने और कार्यस्थलों को सुरक्षित और सामावेशी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

निदेशक महिला कल्याण वंदना वर्मा ने बताया कि शी-बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न के मामलों की शिकायत दर्ज करने का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से महिलाएँ बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं, जिससे संबंधित प्राधिकारियों द्वारा समयबद्ध और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।

### कमर्शियल गैस पर रोक के बीच प्रशासन की तैयारी, 14 हजार से अधिक सिलेंडर उपलब्ध

# अम्बेडकरनगर में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता : जिलाधिकारी



**सुविधा**

बृजेंद्र वीर सिंह

अम्बेडकरनगर। जनपद में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आम नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रख रहा है और जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में हिंदुस्तान पेट्रोलियम,



भारत पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल की कुल 44 गैस एजेंसियां संचालित हैं। इन्हीं एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान समय में जिले में 14 हजार से अधिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि प्रतिदिन औसतन करीब 5 हजार सिलेंडरों की खपत हो रही है। इस आधार पर जिले में गैस की उपलब्धता पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वितरण

**घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में मौजूद**

**■ जिलाधिकारी ने बताया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से समारोहों और बड़े कार्यक्रमों के दौरान की गई है, ताकि आयोजनों में कोई बाधा न आए।**

व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। सभी गैस एजेंसियों को ओटीपी के माध्यम से होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर मिल सके।

एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है।

**नागरिकों को दी गई सलाह**

जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे केवल वैध माध्यमों से ही ईंधन और गैस सिलेंडर का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार प्रशासन द्वारा और भी कदम उठाए जा सकते हैं ताकि सभी कार्यक्रम और समारोह सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। यह कदम जिले में ईंधन की कमी और आपूर्ति में व्यवधान को रोकने के लिए उठाया गया है। प्रशासन की यह पहल शादी, तेरहवीं और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए समय पर ईंधन उपलब्ध कराने में सहायक साबित होगी।

# सीएचसी अकबरपुर मीरानपुर में अव्यवस्था, अस्पताल परिसर में घूमते दिखे आवारा कुत्ते

### साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, मरीजों को हो रही परेशानी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अकबरपुर मीरानपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने अव्यवस्था का आरोप लगाया है। अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों के घूमने और बैठने से मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में कई जगह कुत्ते बैठे और आराम करते नजर आते हैं। जहां मरीजों और उनके परिजनों के बैठने या इंतजार करने की जगह होनी चाहिए, वहां भी कुत्तों का जमावड़ा दिखाई देता है।

लोगों के अनुसार अस्पताल के वार्डों के बाहर और परिसर के अंदर अक्सर आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। कई बार मरीजों के बैठने की जगह पर भी कुत्ते बैठे दिखाई देते हैं। इससे




मरीजों और उनके परिजनों में असहजता और डर का माहौल बना रहता है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अस्पताल की इमरजेंसी सेवा को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक कई बार समय पर उपलब्ध नहीं रहते।

इस वजह से अचानक आने वाले मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। इससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

**स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो मरीजों को और ज्यादा परेशानी हो सकती है।**

**अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को लेकर क्या कदम उठाता है और अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार कब तक होता है।**

**फास्ट न्यूज**

### 200 गुना बढ़ी इंडक्शन की डिमांड

गोरखपुर । गोरखपुर में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित होने से शहर के कई घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोग अब गैस के विकल्प के तौर पर इंडक्शन चूल्हों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। ईरान इजराइल-अमेरिका में जारी युद्ध और सप्लाई में आई दिक्कतों की वजह से एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता पर असर पड़ रहा है।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रियांशी ने हासिल किया पहला स्थान

अंबेडकरनगर । रामनगर ब्लॉक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौचा की छात्रा प्रियांशी ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रा को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने प्रियांशी की उपलब्धि की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी धनपत यादव ने कहा कि प्रियांशी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से रामनगर विकासखंड के साथ पूरे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है।

### 'राहुल के छोटे पैजामे पर संसद में सब हंसते हैं'

प्रयागराज । 'कांग्रेस को 65 साल तक दलित महापुरुषों की याद नहीं आई। लेकिन, अब वजूद खत्म होते देख उन्हें नए नाम याद आ रहे हैं। जैसे राहुल गांधी के छोटे पैजामे पर संसद में सब हंसते हैं, उसी तरह उनकी सोच पर भी सब हंसते हैं।'

यह बात गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने शनिवार को कही।

## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय ट्रायल

### खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 मार्च तक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय चयन और ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 22 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के लिए खिलाड़ी https://khelsathi.in/ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने बताया कि सभी ट्रायल एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। 12 वर्ष से कम आयु के बालक और बालिकाओं के लिए जिम्नास्टिक और तैराकी खेल में चयन किया जाएगा। बालकों का ट्रायल 23 मार्च और बालिकाओं का 24 मार्च को आयोजित होगा।

15 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के ट्रायल आयोजित



किए जाएंगे। बालकों का ट्रायल 23 मार्च और बालिकाओं का 24 मार्च को होगा।

इसके अलावा क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबॉल में भी चयन ट्रायल होंगे। इन खेलों में बालकों का ट्रायल 25 मार्च और बालिकाओं का 26 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी आगे मंडल स्तर के ट्रायल में भाग लेने का अवसर पाएंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी ने खिलाड़ियों को समय पर आवेदन करने और निर्धारित दिनांक पर ट्रायल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# ट्यूबवेल पर शराब पीने के दौरान हुए विवाद में की हत्या

### पुलिस ने बरामद किया डंडा और खून से सनी टी-शर्ट

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । हंसवर थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रामपाल पुत्र बनवारी राजभर, निवासी पृथ्वीपुर थाना हंसवर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे टांडा-हंसवर मार्ग स्थित रामपुर बेनीपुर स्थलवा मोड़ से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना हंसवर में मुकदमा अपराध संख्या 35/2026 दर्ज है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या से जुड़ा है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज



दिया गया। जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी क्रम में हंसवर पुलिस को यह सफलता मिली।

पुलिस टीम ने लगातार जांच और निगरानी के बाद आरोपी की तलाश तेज की। सूचना मिलने पर शुक्रवार रात करीब 9:50 बजे उसे टांडा-हंसवर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की पूरी घटना कबूल की।

विवाद बढ़ने पर आरोपी ने ट्यूबवेल के पास पड़ा लकड़ी का डंडा उठाया।

**ट्यूबवेल पर हुआ था विवाद**

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 11 मार्च 2026 की रात वह मृतक बहाऊ पुत्र स्व. विदेशी राजभर के ट्यूबवेल पर बैठा था। वहां वह शराब और चिकन का सेवन कर रहा था। इसी दौरान बहाऊ वहां पहुंच गया। उसने रामपाल को वहां से जाने के लिए कहा और दोनों के बीच गाली-गलौज होने लगी। आरोपी ने बताया कि इससे पहले भी पानी लगाने को लेकर बहाऊ ने उसे अपमानित किया था। इसी बात को लेकर वह पहले से नाराज था।

## राष्ट्रीय लोक अदालतः एक दिन में 79,990 मामलों का निस्तारण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर के सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। आयोजन में जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और वादकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रोदय कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य और लाभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से हत्या और अन्य जघन्य अपराधों को छोड़कर अधिकांश मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार



**■ बैंकों, राजस्व न्यायालयों और विभिन्न विभागों के मामलों का समझौते के आधार पर समाधान**

पर किया जा सकता है। इससे न केवल वादकारियों को शीघ्र न्याय मिलता है, बल्कि न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जनपद न्यायालय में कुल 16 अदालतें गठित की गईं। विभिन्न न्यायिक अधिकारियों ने अपने-अपने न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया। जिला जज की अदालत में तीन मामलों का निस्तारण किया गया और 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

### विषाक्त पदार्थ खाने के बाद अस्पताल में तोड़ा दम, पति हिरासत में

# घरेलू विवाद में विवाहिता की मौत पति और सास पर मुकदमा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले के टांडा क्षेत्र में घरेलू विवाद के बाद एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने पति और सास के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मृतका के परिजन शव को लेकर घर पहुंचे और मायके पक्ष को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मृतका के पिता शैलेंद्र मिश्र ने रात में पुलिस को फोन कर सूचना दी।



सूचना मिलने पर पुलिस टीम गांव पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बनिता का पति विवेक और सास गीता देवी अक्सर उससे विवाद करते थे। इस बारे में बनिता ने उन्हें फोन पर भी बताया था। पिता का कहना है कि लगातार विवाद और मानसिक दबाव के कारण उनकी बेटी ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी।

थानाध्यक्ष रितेश पांडेय ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पति और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**10 साल पहले हुई थी शादी**

जानकारी के अनुसार टांडा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव की बनिता की शादी करीब दस वर्ष पहले आलापुर क्षेत्र के राउतपारा गांव निवासी विवेक उर्फ अंकित पांडेय से हुई थी। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद से ही दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। परिवार में इस बात को लेकर कई बार तनाव की स्थिति बनती थी।

**बताया गया कि गुरुवार दोपहर विवेक घर से बाहर गया था। इसी दौरान बनिता ने उससे फोन पर बात की। फोन पर बातचीत के बाद उसने आवेश में आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे इलाज के लिए अकबरपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन रात में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।**

# किशोरियों को अधिकार, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई

### कस्तूरबा विद्यालय में 'सशक्त महिला - सशक्त समाज' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । अकबरपुर ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 'सशक्त महिला–सशक्त समाज' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जन शिक्षण केंद्र की ओर से यूपीसीईजी नेटवर्क के तहत किया गया। इसमें विद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम समन्वयक हेमलता ने बताया कि पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों को उनके अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना है। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

बेवाना थाना की मिशन शक्ति टीम से उपनिरीक्षक रमाशंकर सरोज ने छात्राओं को पढ़ाई पर ध्यान देने




और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कांस्टेबल राजकुमारी ने साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। साथ ही 112, 1090, 1930, 1076 और 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षक ललिता, निशा यादव, दीपिका वर्मा, नीलम, वंदना, अलका देवी, ताहिरा बानो सहित जन शिक्षण केंद्र की कार्यकर्ता विद्या, शर्मीला, हेमलता और सिद्धार्थ सिंह मौजूद रहे।

**कानून और अधिकारों की दी गई जानकारी**

कार्यक्रम में किशोरियों को घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया गया। इसके साथ ही महिलाओं की शिक्षा और समान अधिकारों पर भी चर्चा की गई।

छात्राओं को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## यूपीएसआई परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली उपनिरीक्षक (UPSI) भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए अंबेडकरनगर में निःशुल्क व्यवस्था की गई है। यह पहल नारायण फाउंडेशन की ओर से की गई है। फाउंडेशन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र अंबेडकरनगर में है, उनके रहने, खाने और विश्राम की व्यवस्था निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा टांडा क्षेत्र के मौर्य चौराहा स्थित मौर्या स्टेट एंड जगत पैलेस गेस्ट हाउस, रामपुर कलां में दी जाएगी।

परीक्षा के लिए कई अभ्यर्थी दूसरे जिलों से अंबेडकरनगर पहुंचते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को ठहरने और भोजन की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

नारायण फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी निर्धारित स्थान




**■ नारायण फाउंडेशन की पहल, टांडा के मौर्या स्टेट एंड जगत पैलेस गेस्ट हाउस में सुविधा उपलब्ध**

पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। व्यवस्था से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी संपर्क नंबर 9453069111 पर संपर्क कर सकते हैं।फाउंडेशन की ओर से कहा गया है कि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां की गई हैं।

### जांच : राजेसुल्तानपुर के सिरसिया ओझानगर के पास देर रात हुआ हादसा

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा सिरसिया ओझानगर के पास करीब रात 11 बजे हुआ। दोनों युवक बाइक से पेट्रोल पंप से तेल भराकर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में भदया गांव निवासी नितिन कन्नौजिया और अराजी देवारा निवासी मुकुल प्रजापति की मौत हुई है। दोनों युवक बाइक से पेट्रोल पंप से वापस अपने गांव लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक



**हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**

सड़क पर दूर तक घिसट गई। दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी सांसें थम गईं।

मृतक मुकुल प्रजापति को शनिवार को अपनी बहन को दरोगा भर्ती परीक्षा दिलाने के लिए ले जाना था। वहीं नितिन कन्नौजिया की भी शनिवार को दरोगा भर्ती परीक्षा थी। परिवार के अनुसार दोनों युवक रात में पेट्रोल भरवाने गए थे ताकि सुबह परीक्षा के लिए समय से निकल सकें। लेकिन लौटते समय यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

**परिजनों ने लगाया यह आरोप**

घटना के बाद मृतकों के परिजनों ने हादसे को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दुर्घटना डायल 112 के वाहन से हुई है। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद पुलिस ने जल्दबाजी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पूरी घटना की सही जानकारी सामने आनी चाहिए।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की नई प्रबंध समिति गठित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की सात सदस्यीय प्रबंध समिति का गठन शनिवार को सीएमओ कार्यालय में किया गया। राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में पूरी चयन प्रक्रिया संपन्न हुई।

समिति गठन की प्रक्रिया अयोध्या के पर्यवेक्षक डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव, फतेहपुर के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव और राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रामानंद सिद्धार्थ की देखरेख में पूरी कराई गई। नवगठित समिति में संध्या सिंह को सभापति चुना गया है। वंशमणि पांडेय को उपसभापति, हनुमान प्रसाद को कोषाध्यक्ष और डॉ. सर्वेश कुमार को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा अनूप कुमार तिवारी, प्रवीण कुमार गुप्ता, बरकत अली, पुष्पा पाल, खुशियाल सिद्दीकी, ओमप्रकाश जायसवाल



**■ संध्या सिंह सभापति, वंशमणि पांडेय उपसभापति चुने गए**

और उमेश कुमार पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया है। पदाधिकारियों के चयन के बाद डॉ. रामानंद सिद्धार्थ ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी विश्वस्तरीय संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। आपदा या आपात स्थिति में आम लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता की सेवा ही रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य है।

# सम्पादकीय

## पूरा हुआ अविश्वास प्रस्ताव का मकसद




बुधवार, 11 मार्च को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए लाया गया विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिर गया, गिरना ही था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। विपक्ष भी इस बात को जानता था कि यह प्रस्ताव सफल नहीं होगा। लेकिन जिस उद्देश्य से विपक्ष ने इस प्रस्ताव को पेश किया, उसमें काफी हद तक उसे सफलता मिल गई है। लोकसभा में अध्यक्ष की आसंदी दलगत राजनीति से ऊपर होती है और उसकी निगाह में पक्ष-विपक्ष का महत्व एक समान होता है। यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि लोकसभा की कार्रवाई में पक्षपात न रहे। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों को जनता ही चुनकर भेजती है, इसलिए दोनों की आवाज को बराबरी से स्थान मिले, यह जरूरी है। अगर विपक्ष की आवाज को दबाया जाए और बहुमत के कारण सारे फैसले सत्ता पक्ष के हक में लिए जाएं, तो यह केवल विपक्षी सांसदों के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि उनके क्षेत्र के करोड़ों मतदाताओं के साथ नाइंसाफी है। अगर जनता के साथ नाइंसाफी होती है, तो फिर लोकतंत्र ही अपना अर्थ खो देता है। इस अर्थ को बचाने के लिए बजट सत्र के पहले चरण में विपक्ष ने ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। विपक्ष के लिए शायद यही आखिरी रास्ता भी बचा था कि किसी तरह अपनी बात को आधिकारिक तौर पर दर्ज करा सके। ध्यान रहे कि संसद सत्र के पहले चरण में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने ही नहीं दिया गया। पहले जनरल मनोज नरवणे की किताब के जिक्र पर उन्हें बोलने से रोका गया और नेता प्रतिपक्ष के भाषण के बिना ही राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इसके बाद एपस्टीन फाइल्स के जिक्र पर फिर से राहुल गांधी की बात को दबाया गया। उनके साथ-साथ कई और सांसदों को बोलने से रोका गया। इन सब में बार-बार निगाहें ओम बिड़ला की तरफ ही जाती थीं कि वे नीर-क्षीर विवेक से निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने भी संसदीय नियमों का हवाला देते हुए बार-बार विपक्ष को ही टोका। हद तो तब हो गई जब लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष की महिला सांसदों पर आरोप लगाया कि वे प्रधानमंत्री की कुर्सी के सामने आ गई थीं और इससे प्रधानमंत्री को खतरा था, लिहाजा उन्होंने नरेन्द्र मोदी को सदन में आने से मना कर दिया। बता दें कि इस पर चर्चा के दौरान किरण रिजीजू और अमित शाह जैसे नेताओं ने जो बातें कहीं, उन पर विपक्ष ने फिर विरोध प्रदर्शन किया और इस के बीच ही आसंदी पर बैठे जगदंबिका पाल ने ध्वनिमत कराया जिसमें ये प्रस्ताव गिर गया। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए 118 विपक्षी सांसदों के समर्थन से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, यह कोई छोटी संख्या नहीं है। विपक्षी सांसदों का दावा था कि ओम बिड़ला ने 'पक्षपातपूर्ण व्यवहार' दिखाया है और उनका कार्यालय अपेक्षित निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चर्चा शुरु होने से एक दिन पहले ही एक वीडियो संदेश में ओम बिड़ला की तारीफ कर बता दिया कि वे उनका हर हाल में बचाव करेंगे। वहीं अमित शाह ने कहा कि, 'क़रीब चार दशक के बाद एक बार फिर से लोकसभा अध्यक्ष के सामने अविश्वास प्रस्ताव आया है। यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए अफ़सोसजनक घटना है। स्पीकर का पद पार्टी से ऊपर उठाकर संविधान ने उस पद को एक तरह से मध्यस्थ की भूमिका में रखा है। आपने (विपक्ष) मध्यस्थता करने वालों पर ही शंका के बादल उठा दिए। हम भी विपक्ष में रहे लेकिन कभी भी बीजेपी और एनडीए लोकसभा स्पीकर के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया। हमने स्पीकर के पद की गरिमा का संरक्षण करने का काम किया। इसके बाद आदतन वे राहुल गांधी पर बोलने लगे और कहा कि फ्लाइंग किस करोगे, आंख मटकाओगे, ऐसा कभी नहीं हुआ। अध्यक्ष के आचरण पर सवाल उठा रहे हो। ये किस तरह से आचरण की बात करते हैं। हालांकि, इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया तो अमित शाह ने कहा कि ऐसा कोई शब्द हो जो असंसदीय हो, तो उसे कार्यवाही से हटा सकते हैं। अपने बयान में अमित शाह ने धड़ल्ले से साला अपशब्द का भी इस्तेमाल किया, इससे पहले दिसंबर 2025 में भी वे सदन के भीतर साला बोल चुके हैं। तो राहुल गांधी को आचरण की सीख देने वाले अमित शाह के आचरण पर ओम बिड़ला और नरेन्द्र मोदी क्या कहते हैं, इसका इंतजार है, क्योंकि अब तक तो इन दोनों ने इस पर न अफसोस न आपत्ति दर्ज कराई है। तो क्या मौन इनके स्वीकार का लक्षण है। बहरहाल अमित शाह ने सत्र के दौरान राहुल की विदेश यात्रा पर भी सवाल उठाए, जबकि वे जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी भी चलती संसद को छोड़कर विदेश गए और जब देश में रहे, तब भी अहम चर्चाओं में शामिल नहीं हुए।

# भारत में बेहतर शासन प्रणाली के लिए चीनी मॉडल को अपनाइये

> चीन की शासन प्रणाली, मुख्यतः सीपीपी (सीसीपी) के एकदलीय नेतृत्व वाली, के प्रमुख फायदे आर्थिक विकास, स्थिरता और निर्णय दक्षता पर केंद्रित हैं। ये फायदे मुख्य रूप से चीन के विशाल आकार, विकास चरण और सांस्कृतिक संदर्भ के कारण उभरते हैं।

भारत का पड़ोसी देश चीन, रणनीतिपूर्वक पश्चिमी देशों के लोकतांत्रिक षड्यंत्रों को मात देता आया है। इससे भी भारत बहुत कुछ सीख सकता है। कहा भी जाता है कि अमेरिका को वकील और चीन को इंजीनियर चलाते हैं। यह पश्चिमी लोकतंत्र पर बहुत बड़ा व्यंग्य भी समझा जाता है। चूंकि देर-सबेर भारत का मुकाबला चीन से ही होना है तो फिर क्यों नहीं भारत चीनी शासन प्रणाली को अपनाकर खुद को उस जैसा ही मजबूत बना ले। ऐसा इसलिए कि अब्राहम परिवार का सूत्रधार अमेरिका, ईसाई-यहूदी-इस्लामिक मुल्कों में भारत को कभी आगे नहीं बढ़ने देगा। वह ब्रिटेन के ही तर्ज पर यहां जातीयता और धर्मनिरपेक्षता को हवा देगा। पक्ष-विपक्ष को शह देकर भटकाएगा। लोकतंत्र और भागीदारी की आड़ में एक दूसरे के विरुद्ध कुचक्र चलवायेगा। इसलिए भारत-चीन की दोस्ती उतनी क्षति नहीं पहुंचाएगी जितनी कि पश्चिमी देशों की दोगलागिरी पहुंचा चुकी है। वहीं, पश्चिमी कुचक्रों यानी अमेरिकी-यूरोपीय षड्यंत्रों से एशिया को महफूज रखने के लिए, सावधान रहकर रूस-भारत-चीन को समझदारीपूर्वक आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ की विफलता और अमेरिकी दादागिरी को यदि समय



रहते काबू नहीं किया गया तो ईसाई, यहूदी व इस्लामिक देश आपस में ही लड़-कट मरेंगे या फिर भारत के अकूत प्राकृतिक संसाधनों पर हमलावर होंगे। इनका अतीत भी यही चुगली करता है। अब समझिए, चीन जैसा प्रशासनिक मॉडल भारत में लाने के लिए सिर्फ़ "कदम" नहीं, पूरे संवैधानिक-राजनीतिक ढांचे की दिशा बदलनी पड़ेगी जिसका मतलब लोकतांत्रिक, बहुदलीय, संघीय और मौलिक अधिकार आधारित व्यवस्था को मूल रूप से बदलना है। इसे चरणबद्ध, यथार्थवादी (और जोखिम-सहित) रूप में नीचे दर्शा रहा हूँ। उससे पहले भारतीय लक्ष्य स्पष्ट करना होगा कि चीन से क्या कॉपी करना है और क्या नहीं! दरअसल, चीन की शासन प्रणाली की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं- पहला, एकदलीय कम्युनिस्ट शासन, जहां वास्तविक सत्ता चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (CCP) के हाथ में होती है जबकि "पीपुल्स कांग्रेस" प्रणाली, जहाँ नेशनल पीपुल्स कांग्रेस औपचारिक रूप से सर्वोच्च अंग है, के ऊपर व्यवहार में पार्टी सर्वोपरि रहती है। वहीं, सत्ता के अंगों में व्यावहारिक रूप से कोई सख़्त विभाजन नहीं बल्कि सब पर पार्टी का नेतृत्व मजबूत होता है। वहां बहुत सीमित राजनीतिक विपक्ष है. मीडिया-नागरिक समाज पर कड़ा नियंत्रण है, इसलिए ज्यादा सियासी उधेड़बुन में लोग नहीं फंसते हैं। अब भारत की मौजूदा बुनियाद समझते हैं। यहां संसदीय लोकतंत्र है, बहुदलीय प्रतियोगिता दिखती है, संघीय ढांचा (केंद्र–राज्य) है, मौलिक अधिकार मिले हैं, न्यायपालिका की स्वतंत्रता है और न्यायिक समीक्षा को महत्व दिया गया है। यहां सत्ता का आंशिक विभाजन है और "चेक्स ऐंड बैलेंस" भी है लेकिन नेताओं का कलह, अधिकारियों की मनमर्जी और जनता के स्वार्थी सिरफुटौव्वल का ठोस विकल्प देश को चाहिए। इसलिए कोई भी "चीन आधारित" मॉडल दो रास्तों में से होगाः पहला, "कठोर" रास्ताः चीन जैसा लगभग-एकदलीय, केंद्रीकृत, अधिकार-सीमित मॉडल, और दूसरा, "मृदु" रास्ताः चीन से प्रशासनिक-नीतिगत दक्षता के सबक लेकर लोकतंत्र को बरकरार रखना। इस हेतु संवैधानिक स्तर पर बड़े परिवर्तनों के कदम उठाने होंगे। यदि कोई चीन-नुमा राजनीतिक मॉडल चाहता है तो सैद्धांतिक कदम भी उठाने होंगे। संविधान की मूल संरचना बदलने की कोशिश करनी होगी। अनुच्छेद 14, 19, 21, 25 आदि मौलिक अधिकारों को सीमित/पुनर्परिभाषित करना करना होगा। अभिव्यक्ति, संगठन, धर्म-स्वतंत्रता पर व्यापक नियंत्रण संभव करने हेतु।वहीं, परोक्ष कारोबार बन चुकी न्यायिक समीक्षा और "बेसिक स्ट्रक्चर" सिद्धांत को कमज़ोर करने या हटाने के लिए व्यापक संशोधन करना होगा। खासकर, बहुदलीय व्यवस्था से "प्रभुत्वशाली दल" या व्यवहारिक-एकदलीय ढांचा तैयार करना होगा ताकि एक मुख्य राष्ट्रीय पार्टी को संवैधानिक या कानूनी रूप से "राष्ट्र-निर्माण की धुरी" जैसा दर्जा मिले जबकि अन्य दलों को औपचारिक-सहयोगी पर गैर-प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। चीन में भी 8 छोटे दल सीसीपी (CCP) के अधीन हैं। ऐसा होने से जातीय व धार्मिक पार्टी और पारिवारिक वंशवाद का सफाया होगा। वहीं, चुनावी क़ानूनों में बदलाव से पार्टी के विरुद्ध राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कम होगी और "अनुमोदित विपक्ष" की दिशा तय होगी। भारत में क्षेत्रवादी सियासत से जिस तरह से राष्ट्रीय हितों को क्षति पहुंचाई जा रही है, उससे बेहतर है कि केंद्र में सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण हो। इस हेतु भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में संशोधन कर ज़्यादातर महत्त्वपूर्ण विषय जैसे- शिक्षा, पुलिस, कृषि, भूमि, स्वास्थ्य को केंद्र सूची या संयुक्त सूची में लाना जरूरी है। वहीं राष्ट्रपति/केंद्र सरकार को राज्यों की नीतियों पर व्यापक वीटो देने होंगे और गवर्नर की भूमिका और मज़बूत करना होगा; साथ ही, आपातकालीन प्रावधानों का दायरा बढ़ाना होगा। खासकर, संसद के ऊपर "पार्टी संरचना" की वास्तविक सर्वोच्चता लानी होगी। चीन की तरह पार्टी-संगठन (पॉलित ब्यूरो, स्टैंडिंग कमेटी टाइप) को वास्तविक नीति-निर्माता बनाना होगा और संसद को मुख्यतः अनुमोदन मंच में बदलना होगा। साथ ही सभी प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं में पार्टी-सेल/कोर-कमेटी अनिवार्य करके निर्णयों को पार्टी लाइन से बाँधना होगा।

**कमलेश पांडेय**

## जन सुराज का...

बाबूलाल नागा

# बहुजन चेतना के शिल्पीः कांशीराम

15 मार्च का दिन भारतीय समाज के लिए हमेशा विशेष रहेगा क्योंकि इसी दिन एक ऐसे व्यक्तित्व का जन्म हुआ जिसने देश की सामाजिक और राजनीतिक समझ को गहराई से झकझोरा। कांशीराम केवल एक नेता नहीं थे, वे बहुजन समाज की जागरूकता और सशक्तिकरण के अद्वितीय प्रेरक थे। उनका जीवन और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि समाज में समानता और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष और संगठित प्रयास ही आवश्यक हैं। कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर जिले में हुआ था, और उनका बचपन गरीबी और सामाजिक असमानताओं के बीच बीता। उन्होंने देखा कि समाज के कमजोर वर्ग शिक्षा और अवसर की कमी के कारण हमेशा पिछड़ते रहे।

इन अनुभवों ने उनमें एक गहरी समझ और सामाजिक न्याय की चेतना को जन्म दिया। उनके विचारों की नींव डॉ. भीमराव आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरित थी, जिन्होंने हमेशा वंचितों के अधिकार और समानता की बात की। कांशीराम ने यही समझा कि जब तक बहुजन समाज संगठित नहीं होगा, तब तक सत्ता में उसकी हिस्सेदारी केवल आकांक्षा ही रहेगी। उनकी सामाजिक पहलें हमेशा सैद्धांतिक विचारों से आगे बढ़कर व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी थीं। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता को समाज के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन माना। सरकारी नौकरियों और संस्थानों में संगठित प्रयासों के माध्यम से उन्होंने बहुजन समाज को यह विश्वास दिलाया कि उनका हक केवल मांगने से नहीं, बल्कि संगठित होकर उसे हासिल करने से सुनिश्चित होता है। उनका यह दृष्टिकोण केवल विरोध तक सीमित नहीं था, वे चाहते थे



कि समाज के हर सदस्य को आत्मसम्मान और अधिकार मिले। कांशीराम का जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को यह सिखाया कि जागरूकता ही शक्ति है। उनका मानना था कि यदि समाज अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग हो जाए, तो कोई भी असमानता लंबे समय तक कायम नहीं रह सकती। उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया कि केवल आक्रोश करना या विरोध करना पर्याप्त नहीं है; समाज को संगठित होकर रणनीतिक रूप से काम करना होगा। उनकी दूरदर्शिता ने बहुजन समाज को नई पहचान दिलाई। उन्होंने अपने संगठनात्मक कौशल और सामाजिक समझ का प्रयोग करके समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों और सम्मान के लिए एक मंच दिया।

उनके प्रयासों से लाखों लोग राजनीतिक और सामाजिक रूप से जागरूक हुए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि समाज के पिछड़े वर्ग शिक्षा, नौकरी और सामाजिक अवसरों में पीछे न रहें, और उन्हें यह एहसास हो कि उनका स्थान समाज और राष्ट्र की प्रगति में उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी अन्य वर्ग का। कांशीराम के विचारों की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे केवल वर्तमान की समस्याओं तक सीमित नहीं थे। वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी रास्ता दिखाना चाहते थे। उन्होंने यह समझा कि सामाजिक बदलाव केवल तत्कालिक नीतियों से नहीं आता, बल्कि यह तब संभव है जब समाज के हर सदस्य अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो और समानता, न्याय तथा सम्मान के मूल्यों को आत्मसात करे। उनकी यह सोच आज भी हमारे सामने मार्गदर्शक है, क्योंकि समाज में असमानता और अन्याय के खिलाफ संघर्ष कभी खत्म नहीं होता। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो हमें केवल उनके व्यक्तित्व को याद नहीं करना चाहिए। हमें उनके विचारों, उनकी सामाजिक सोच और उनके संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। कांशीराम ने यह दिखाया कि समाज में सच्चे बदलाव के लिए राजनीतिक सत्ता का होना जरूरी नहीं बल्कि संगठन, जागरूकता और शिक्षा का होना आवश्यक है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि समाज के कमजोर वर्गों को संगठित करके ही असमानता और अन्याय के खिलाफ प्रभावी ढंग से लड़ाई लड़ी जा सकती है। उनका संघर्ष केवल उनके समय तक सीमित नहीं रहा; उनकी विरासत आज भी बहुजन समाज को दिशा देती है। उनके आदर्श यह सिखाते हैं कि संगठन, शिक्षा और जागरूकता का संयोजन ही सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी ताकत है। 15 मार्च के दिन उनकी जयंती इस प्रेरणा का प्रतीक है कि हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए और समाज के हर वर्ग को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए।

## निवेशकों को...

जगदीश मिश्र

# अधिकार के साथ कर्तव्य भी

हम भारतीय लोग आध्यात्मिक होते हैं। हमे आत्मा और परमात्मा का अन्तर भली-भाँति पता है। हमें पता है कि आत्मा परमात्मा का ही अंश है। अब आत्मा सही रास्ते पर है या नहीं इसकी चिन्ता करने वाले हम कौन होते हैं ?

आत्मा जिंदा है या मर गई यह फैसला भी परमात्मा ही करेगा। आत्मा-परमात्मा की इस जुगलबंदी में आदमी बेचारा क्यों पिसे भला? फिर इंसान की आत्मा मर जाने पर इंसान को दोषी क्यों माना जाता है? हमें तो बचपन से यही पढ़ाया-बताया गया है कि आत्मा अजर-अमर होती है। शस्त्र हो या जल, अग्नि हो या फिर वायु आत्मा को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुँचा सकते। क्या ईश्वर की नकल करके कलियुग में डुप्लीकेट या फिर निम्न गुणवत्ता की आत्माओं की रचना और सप्लाई शुरू हो गई है। खैर, यह भगवान की चिंता विषय है, नाम तो उन्हीं का खराब होगा, प्रोडक्ट उनका जो है। अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग और रेटिंग की चिंता वह करते भी होंगे। हम इंसान शरीर धारी है यह शरीर हमारा है, हम सबकी पहचान और नाम इसी शरीर से है, इस शरीर पर हम इंसानों का अधिकार है। अब अधिकार है तो साथ में कर्तव्य तो होंगे ही। इसके लिए अन्न जल तथा हवा की उपलब्धता के साथ इसकी अन्य जरूरतें पूरी करना शरीर का स्वामी होने के नाते हमारी ही जिम्मेदारी बनती है। भोजन के लिए कुकिंग गैस और आने जाने के लिए डीजल तथा पेट्रोल आवश्यक हैं। जैसे ही इन दोनों वस्तुओं की बाजार में कमी की संभावना बनती है, अपने व अपनों के प्रति हमारा दायित्व बोध जागने लगता है। परेशान होने की जरूरत नहीं है। हालाँकि उसे भी तो हालात की सच्चाई पता ही होती है। वह तो भला हो विपक्ष के नेताओं और



मीडिया वालों का जो हमें आने वाले खतरों, तकलीफों के प्रति सचेत करते रहते हैं। हाल के वैश्विक परिदृश्य को ही ले लीजिए। ईरान-अमेरिका के बीच टकराव की शुरुआत के तीसरे दिन ही भारत के विपक्ष और मीडिया ने ऐसा जागरूकता अभियान चलाया कि जनता में घर के सभी वाहनों की टंकी और सारे सिलेंडर भरवा कर रखने की होड़ सी लग गई। नतीजा जो होना था वही हुआ! गैस एजेन्सी हो या पेट्रोल पम्प हर जगह लम्बी लाइन, धक्का मुक्की, मारा-मारी और उसके बाद पुलिस का बल प्रयोग! सोचिए जिस भारत को विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित देखने को सभी बेचैन हैं, जिस भारत की देश भक्ति और राष्ट्र प्रथम की भावना को सम्पूर्ण विश्व पलकों पर बिठाने को तैयार है, कल को अगर वह प्रत्यक्ष युद्ध का हिस्सा बनता है तो हमारी हरकतें और हमारा व्यवहार देश की प्रतिष्ठा के गुब्बारे को फूट ने या बोले तो फुस्स होने से कितनी देर तक बचा पाएंगे! व्यक्तिगत सुख सुविधाओं के लिए हम कुछ भी करने को सहर्ष समर्पित हैं किन्तु समाज की बात आते ही हमारे अन्दर एक विचित्र किस्म का और कुटिलता पूर्ण वैराग्य भाव का संचार होने लगता है। यह हमारा चारित्रिक वैशिष्ट्य है या कलंक। इसका निर्धारण भी अपने स्वयं के विवेक से ही करना होगा।

## जरा हटके

## सुप्रीम कोर्ट ने...

राजेश कुमार पासी

# राष्ट्रपति का बार-बार अपमान क्यों

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है। राष्ट्रपति के चुनाव में राजनीति होती है लेकिन जब राष्ट्रपति का चुनाव हो जाता है तो वो पूरे देश का राष्ट्रपति होता है । राजनीतिक दल भी उसे किसी दल विशेष से नहीं जोड़ते हैं। हमारे देश के संविधान ने राष्ट्रपति को सबसे ऊपर रखा है और वो एक तरह से राष्ट्र प्रमुख माना जाता है। देश का पूरा प्रशासन उनके ही नाम पर चलाया जाता है जबकि उनका प्रशासन में कोई दखल नहीं होता। संविधान में वर्णित राष्ट्रपति की शक्तियां, वास्तव में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल की होती हैं। इसके बावजूद राष्ट्रपति के पास कई अधिकार हैं जहां वो अपने विवेक का इस्तेमाल कर सकते हैं। वो संसद द्वारा पास किये गए विधेयक को दोबारा विचारार्थ हेतु वापस भेज सकते हैं । इसके अलावा जब संसद में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिलता है तो राष्ट्रपति की शक्तियां बढ़ जाती हैं। वैसे देखा जाए तो ज्यादातर मामलों में राष्ट्रपति कैबिनेट की रबर स्टैंप के रूप में ही काम करते हैं। दूसरी तरफ सच है कि राष्ट्रपति को देश का प्रथम नागरिक माना जाता है । प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति ही देश का शासक होता है. इसी आधार पर राष्ट्रपति को सम्मान दिया जाता है। जब राष्ट्रपति का प्रशासन में सीधा दखल नहीं है तो उन्हें राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। जब से द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनी हैं, उनका कई बार अपमान किया जा चुका है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि उनका इस पद पर आना कुछ लोगों को हजम नहीं हो रहा है। आदिवासी समाज से आने वाली द्रोपदी मुर्मू देश की पहली राष्ट्रपति हैं। देखा जाए तो मोदी सरकार ने उन्हें राष्ट्रपति बनाकर देश के आदिवासी समाज को सम्मानित करने का काम किया है। देश का आदिवासी समाज इस बात पर गर्व करता है कि उनके समुदाय की एक महिला इस समय देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है। एक तरह से ये भी आदिवासियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। राष्ट्रपति पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए लेकिन पिछले कुछ



समय से उन पर भी राजनीति की जा रही है। अभी तक केवल उनका मजाक बनाया गया है, लेकिन ममता बनर्जी ने तो उनका और उनके पद का जबरदस्त अपमान किया है। जब राष्ट्रपति एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने बंगाल गयी थीं तो ममता बनर्जी एसआईआर के खिलाफ धरना दे रही थी। वो राष्ट्रपति के साथ कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई और न ही उनकी अगवानी की। इसके अलावा उन्होंने अपने किसी मंत्री को भी उनकी अगवानी करने के लिए भेजा। देखा जाए तो ये राष्ट्रपति के आगमन पर किये जाने वाले प्रोटोकॉल का बड़ा उल्लंघन है। ममता बनर्जी अपने अक्खड़पन और जिद्दी स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लेकिन राष्ट्रपति के साथ उनका व्यवहार समझ से परे है। ऐसा लगता है कि एसआईआर का विरोध करते-करते वो इतना बौखला गईं हैं कि उन्हें सही और गलत का पता ही नहीं चल रहा है। उनकी बौखलाहट की वजह यह है कि एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने की उनकी सारी कोशिशें बेकार हो गयी हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कलकत्ता हाईकोर्ट न्यायिक अधिकारियों के जरिये इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगा हुआ है। ममता बनर्जी अपने आपको असहाय महसूस कर रही हैं, इसलिए धरना देने बैठी और फिर खुद ही उठ गईं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने बंगाल के दार्जलिंग में गयी थी, इसके बाद वो विद्यानगर गईं और उन्होंने वहां सार्वजनिक रूप से ममता बनर्जी के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को इस कार्यक्रम में मेरे साथ होना चाहिए था। उन्होंने कहा, "मैं बंगाल की बेटी हूँ, फिर भी मुझे यहां आने की अनुमति नहीं है। ममता मेरी बहन जैसी हैं, पता नहीं, शायद वो मुझसे नाराज हैं। शायद इसलिए मुझे वहां जाना पड़ा। कोई बात नहीं, मुझे इस बात का कोई गुस्सा या नाराजगी नहीं है।" महामहिम राष्ट्रपति इस तरह से अपनी नाराजगी जाहिर नहीं करती हैं. वो बेहद शांत स्वभाव की हैं। अगर उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की है तो इसका मतलब है कि उन्होंने खुद को अपमानित महसूस किया है। उन्होंने अपना कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर मूल स्थान का दौरा किया था, इसके बाद उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम का आयोजन विद्यानगर में किया जाना था लेकिन उसका स्थान बदलकर बागडोगरा के गुसाईपुर में कर दिया गया । अजीब बात यह है कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम को पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी जिसके कारण स्थान बदलना पड़ा। राष्ट्रपति को गुस्सा यह था कि आयोजन स्थल बहुत छोटा और दूर था जहां लोग पहुंच नहीं पाए। राष्ट्रपति के द्वारा नाराजगी जाहिर करने के बाद भाजपा ने टीएमसी पर हल्ला बोल दिया है। भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताते हुए कहा है कि एक आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति का अपमान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्वीट करके इस मुद्दे को उठाया है और टीएमसी को इस अपमान के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इस मुद्दे ने भाजपा को बंगाल के हालात पर बोलने का मौका दे दिया है। भाजपा ममता बनर्जी की विरोधी पार्टी है, उसे हटा भी दिया जाए तो मुद्दा छोटा नहीं होता। ममता बनर्जी ने जिस तरह से महामहिम राष्ट्रपति को जवाब दिया है, उससे पता चलता है कि उनका अपमान अंजाने में नहीं हुआ है, बल्कि जानबूझकर किया गया है। उन्होंने एक फ़ोटो दिखाकर कहा है कि राष्ट्रपति को तब अपमान महसूस नहीं हुआ था । वास्तव में भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' पुरस्कार देने राष्ट्रपति महोदया उनके घर गईं थीं। जब उन्होंने खड़े होकर आडवाणी जी को पुरस्कार दिया तो वो बैठे हुए थे और वहां मोदी जी भी उनकी बगल में बैठे थे। इसके अलावा भी उस समय वहां कई नेता उपस्थित थे, जो वहां कुर्सियों पर बैठे हुए थे।

# जल संरक्षण और नदी बचाओ का संदेश लेकर चला एनएसएस शिविर

## डॉ. जसपाल सिंह ने स्वयंसेविकाओं को जल बचाने और नदियों को प्रदूषण से बचाने का दिया संदेश

**अभियान**

तमसा संकेत, संवाददाता



जगतपुर/बरेलीः सरस्वती विद्या मंदिर, जगतपुर में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस (NSS) कैंप के दूसरे दिन, स्वयं सेविकाओं को जल और नदी संरक्षण के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. जसपाल सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर एवं कोऑर्डिनेटर, पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली) को आमंत्रित किया गया था।

कैंप में अवंतीबाई गवर्नमेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेविकाएं हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम का कुशल संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव (लेक्चरर, मनोविज्ञान विभाग, अवंतीबाई महिला डिग्री कॉलेज, बरेली) और डॉ. अन्नू महाजन द्वारा किया गया।

एक घंटे तक चले अपने प्रभावी व्याख्यान में, डॉ. जसपाल सिंह ने पानी की हर बूंद को बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को जल संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों से अवगत कराया और बताया कि वे अपने व्यक्तिगत स्तर पर जल प्रदूषण को कैसे रोक सकते हैं। उन्होंने घरेलू कार्यों में पानी की बचत, वर्षा जल संचयन और वर्षा जल संचयन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

नदी संरक्षण के गंभीर विषय पर बोलते हुए, उन्होंने नदियों के गिरते जल स्तर और बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "नदियां हमारे जीवन की आधाररेखा हैं। हमें उन्हें कचरा, प्लास्टिक और अनुपचारित अपशिष्ट से बचाना होगा। समुदाय के स्तर पर नदी स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है।" उन्होंने स्वयंसेवकों को नदी तटों के संरक्षण और तटीय क्षेत्रों में पेड़-पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में, एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने जल और नदी संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाने का संकल्प लिया।

सत्र के समापन के पश्चात, सभी अतिथियों, कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेविकाओं ने मिलकर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। डॉ. जसपाल सिंह द्वारा लाए गए दो पेड़ों को स्कूल परिसर में लगाया गया। डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने अंत में डॉ. जसपाल सिंह और सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद दिया।



परिसर में किया गया वृक्षारोपण

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश घायल होकर गिरफ्तार

## पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश, जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दबोचा गया

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । 14 मार्च 2026 की रात्रि को स्वाट व थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु गश्त/चेकिंग की जा रही थी , प्राप्त जानकारी से कि कन्धवापुर मोड़ के पास सिद्धौर से रामसनेहीघाट हाइवे की ओर मोटर साइकिल से एक संदिग्ध आता दिखायी दिया, इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई जिससे प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 अंकित त्रिपाठी के कान के पास से गोली सनसनाती निकल गयी जिससे वह बाल-बाल बच गए।



पुलिस द्वारा की गई

आत्मरक्षार्थ फायरिंग में संदिग्ध अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी सिद्धौर भेजा गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 'रूपेन्द्र उर्फ सूरज पुत्र पुत्तन निवासी देवरी रुखारा थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ' के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। 'अभियुक्त रूपेन्द्र उर्फ सूरज सिंह उपरोक्त थाना जहांगीराबाद में पंजीकृत मु0अ0सं0-20/2026 धारा 310(2)/317(3) बीएनएस में वांछित था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।'

**फास्ट न्यूज**

### जुड़वा बच्चियों के शव डस्टबिन के पास फेंके

बलिया। बलिया में महिला की डिलीवरी के दौरान जुड़वा बेटियों की मौत हो गई। महिला को होश न आने पर डॉक्टरों ने उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। हद तो तब हो गई जब अस्पताल के स्टाफ ने बच्चियों के शव टॉयलेट के डस्टबिन के पास फेंक दिए। पुलिस ने मामले में ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ FIR दर्ज की है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी अस्पताल को सील किया है।

### बेटे ने मां की कुल्हाड़ी से हत्या की

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एक युवक ने अपनी मां की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद उसने पास पड़ा पत्थर ऊपर फेंक दिया और दूसरे कमरे में जाकर सो गया। सुबह उठकर वह अपने मां के कमरे में गया तो देखा कि शव फर्श पर पड़ा है। इसके बाद वह लोगों के बीच पहुंचा और चिल्लाते हुए कहा– मेरी मां की हत्या पड़ोसी डब्बू और जसवीर ने कर दी है। इसके बाद युवक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई।

### कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस रिसाव

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के धाता विकास खंड के देवरार गांव स्थित अभय कोल्ड स्टोरेज में शुक्रवार रात करीब 9 बजे अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। मशीन रूम में लगे एक पाइप में तकनीकी खराबी के कारण अचानक गैस लीक होने लगी, जिससे आसपास के क्षेत्र में तेज गंध फैल गई। गैस की गंध महसूस होने पर कोल्ड स्टोरेज के ऑपरेटर को सबसे पहले घटना की जानकारी हुई।

# लोक अदालत में 80 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

## पीड़ितों को 7 करोड़ मुआवजा, बैंकों में 10.45 करोड़ के समझौते हुए

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने न्याय को त्वरित और सुलभ बनाने की दिशा में नया रिकॉर्ड बनाया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में लगी इस लोक अदालत में एक ही दिन में 80 हजार से अधिक वादों का निस्तारण किया गया।

जिले के विभिन्न न्यायालयों में चले विशेष सत्र के दौरान कुल 8146 वादों का समाधान हुआ। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) में 126 मामलों में पीड़ितों को 6 करोड़ 92 लाख 638 रुपये का मुआवजा दिलाया गया। परिवार न्यायालय में भी प्रधान न्यायाधीश ने 126 पारिवारिक वादों का निस्तारण कर सुलह के प्रयास किए।





लोक अदालत में बैंकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। परिवार न्यायालय में भी प्रधान न्यायाधीश ने 126 1339 बैंक मामलों में 10 करोड़ 45 लाख रुपये की समझौता राशि जमा कराकर वादों का निपटारा कराया गया। सबसे अधिक निस्तारण राजस्व न्यायालयों में हुआ, जहां 71,847 वादों का समाधान कर रिकॉर्ड संख्या में मामलों को समाप्त किया गया।

# मैंने तेरी सास को मार दिया, सबको बता दे, तकिये से मुंह दबाने की आशंका

# पत्नी की हत्या कर दामाद को किया फोन

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर में एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। परिजनों ने महिला के मर्डर का आरोप उसके पति पर लगाया है। महिला के पिता ने बताया- सलीम ने खुद अपने दामाद को फोन करके बताया कि मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। सबको बता दो। इसके बाद सलीम के दामाद ने मुझे फोन किया। तब मैं उसके घर गया। तो बेटी बेसुध पड़ी थी। उसकी सांसें नहीं चल रही थी। कहीं खून भी नहीं थी। मतलब उसने तकिए से मुंह दबाकर मारा होगा। तभी आस-पास किसी को कोई आवाज नहीं सुनाई दी। घटना के बाद से आरोपी सलीम फरार है। पुलिस ने मौके से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। घटना रामपुर मनिहारन कस्बे के मोहल्ला महल की है। मृतका की पहचान शबाना (40) पत्नी सलीम के रूप में हुई है। वह मोहल्ला महल निवासी इनाम की बेटी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। बेटी की सुरक्षा को देखते हुए हमने बाद में रामपुर मनिहारान कस्बे में ही उसके लिए एक मकान बनवा दिया। ताकि वह वहीं अपने पति के साथ रह सके। इसके बावजूद पति का रवैया नहीं बदला। विवाद और मारपीट का सिलसिला जारी रहा। सूचना मिलते ही रामपुर मनिहारान थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने कमरे से कई नमूने और साक्ष्य एकत्र किए हैं। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने बताया कि विवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस को इस मामले में कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।



### "मैंने तेरी सास को मार दिया"

मृतका शबाना के परिजनों ने बताया- बीती रात सलीम ने शबाना को पहले कोई नशीला पदार्थ दिया और फिर तकिये से उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने अपने दामाद को फोन कर कहा कि मैंने तेरी सास को मार दिया है, उसके घर वालों को बता देना। दामाद ने तुरंत मुझे फोन कर इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही मैं रात में ही शबाना के घर पहुंचा। जहां शबाना मृत अवस्था में पड़ी मिली।



**शबाना के पिता इनाम ने बताया- करीब 20 साल पहले शबाना की शादी गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव कैलाशपुर निवासी सलीम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सलीम का व्यवहार आक्रामक था। वह आए दिन शबाना के साथ मारपीट करता था। कई बार इस मामले में दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन सलीम के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया।**

### सीसीटीवी में दिखा घर से निकलता आरोपी

बताया जा रहा है कि वारदात के बाद सलीम को गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में घर से निकलते हुए देखा गया है। पुलिस अब इन कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# संभल डीएम-एसपी कानून नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें : हाईकोर्ट

## मस्जिद में नमाजियों की संख्या कम कराने पर लगाई फटकार

तमसा संकेत, एजेंसी

संभल। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने पर संभल DM और SP को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- प्रशासन मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं कर सकता। अगर डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके विश्नोई को लगता है कि वे कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। या फिर ट्रांसफर करवा लेना चाहिए। हर परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनका काम है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने कहा- यह राज्य का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि हर समुदाय निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा कर सके। अगर वह निजी संपत्ति है, तो राज्य से किसी इजाजत की जरूरत नहीं। कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि राज्य का दखल सिर्फ वहीं जरूरी है, जहां प्रार्थना या धार्मिक काम सार्वजनिक भूमि पर आयोजित किए जाने हों। याचिकाकर्ता मुनाजिर खान के मुताबिक, पिछले साल फरवरी महीने में हयातनगर थाने से पुलिसवाले आए। उन्होंने कहा कि सिर्फ 20 लोग ही मस्जिद में नमाज पढ़ सकते हैं। एक बार में 5-6 लोग ही नमाज अदा करें। इसके बाद मुनाजिर ने 18 जनवरी, 2026 को हाईकोर्ट में याचिका दायर की। 27 फरवरी को पहली सुनवाई हुई। आज (शनिवार) आदेश हाईकोर्ट की साइट पर अपलोड हुआ। अब 16 मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया- रमजान के दौरान मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका जा रहा। रमजान चल रहा है। ऐसे में परिसर के भीतर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ सकते हैं। वहीं, सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाजियों की संख्या सीमित करने का आदेश दिया था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार के वकील के तर्क को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- आपने अब तक मस्जिद या नमाज की जगह की कोई तस्वीर कोर्ट में दाखिल नहीं की है। इस पर याचिकाकर्ता ने समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें नमाज की जगह की तस्वीरें और राजस्व रिकॉर्ड दाखिल करने के लिए अनुमति दे दी।



# शादी से इनकार पर गर्लफ्रेंड की हत्या की

## बॉडी न्यूड करके फेंकी, अलीगढ़ में फिर खुद ट्रेन के आगे कूदा

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ में प्रेमी ने अपनी गर्लफ्रेंड की गला घोंट कर हत्या कर दी। इसके बाद खुद सुसाइड कर लिया। मरने से पहले भाई को फोन कर कहा- उसने लड़की की हत्या कर दी है और अब खुद मरने जा रहा। इसके बाद एक वीडियो बनाया। बोला- "दी एंड"। फिर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। भदेही के पास रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को युवक की लाश मिली। युवती की लाश शनिवार सुबह एक खंडहर हो चुके घर में मिली। युवती न्यूड थी। मुंह में अंडरगार्मेंट ठूसे गए थे। युवक की पहचान नलकूप ऑपरेटर शशि कपूर (25) के रूप में हुई है। युवती के भाई ने युवक पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लड़की की शादी किसी और से तय थी। इसी बात से शशि भड़का हुआ था। उसने लड़की को मिलने बुलाया। शादी करने को कहा। लड़की ने मना किया तो उसकी हत्या कर दी और बॉडी को न्यूड कर फेंक दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि रेप के आरोपों में कितनी सच्चाई है। इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। मामला अकबराबाद थानाक्षेत्र के एक गांव का है। उधर, शाम को युवक शशि ने अपने भाई को फोन किया। उसने बताया कि उसने युवती की हत्या कर दी है। वह खुद मरने जा रहा है। इतना कहकर उसने फोन काट दिया। शशि के परिजन परेशान होकर उसे ढूंढ़ने लगे। शाम को सूचना मिली कि गांधी पार्क थानाक्षेत्र के भदेसी रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली है।



शशि कपूर, आरोपी

**अकबराबाद क्षेत्र के रहने वाले वीरेंद्र पाल सिंह का 25 वर्षीय पुत्र शशि कपूर, नलकूप विभाग में संविदा पर ऑपरेटर था। वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। शशि का उसके गांव की रहने वाली 20 साल की युवती से अफेयर था।**



### बंद पड़े मकान में मिलने को बुलाया था

युवक-युवती की नजदीकियों की भनक जब घरवालों को हुई तो युवती की शादी अन्य जगह तय कर दी। शादी तय होने की वजह से युवक नाराज हो गया। बताया जा रहा कि युवक ने प्रेमिका को शुक्रवार दोपहर में मिलने को बुलाया। युवती के भाई ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को उसकी बहन दवा लेने जाने की बात कहते हुए घर से निकली थी। देर शाम तक वह नहीं लौटी तो परिजन को चिंता हुई। उसकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। आरोपी ने पहले बहन के साथ रेप किया और फिर पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर दी। पुलिस मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स और वीडियो की भी जांच कर रही है।

## मौत : आगरा में छोटे भाई ने पीट-पीटकर मार डाला, बचाने आई मां को धक्का दिया

# मोबाइल का पासवर्ड नहीं बताने पर बड़े.भाई की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में मोबाइल का पासवर्ड नहीं बताने पर छोटे भाई ने बड़े भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आई मां को भी धक्का देकर गिरा दिया। वारदात के बाद वह भागने लगा। मां ने शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर गली के लोगों ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। मां ने कहा- छोटे बेटे ने उनका पूरा संसार उजाड़ दिया। वह बड़े बेटे की शादी के लिए लड़की देख रहे थे, लेकिन उससे पहले ही उसे मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना शुक्रवार देर रात थाना कोतवाली के टीला माईथान इलाके की है। टीला माईथान की रहने वाली पूनम शर्मा ने बताया- वह बाग मुजफ्फर खां क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में नर्स हैं। पति की करीब 5 महीने पहले मौत हो गई थी।



आकाश आरोपी

गौरव, मृतक

### सांस चल रही है, अस्पताल ले जाओ

मां पूनम ने बताया कि जब गौरव तड़पने लगा तब आकाश ने कहा– अभी इसकी सांस चल रही है, इसे अस्पताल ले जाओ। इसके बाद मां ने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल गौरव को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, थाना कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।





- गौरव के सिर में गंभीर चोट लगी। परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।
- नीले शर्ट में आरोपी आकाश है। साथ में उसके माता- पिता भी हैं। पिता की 5 महीने पहले मौत हो गई थी।

### प्रॉपर्टी को लेकर आए दिन करता था विवाद

मां पूनम ने कहा- आकाश करीब सात महीने पहले मुंबई से काम छोड़कर घर आ गया था। वह शादी-पार्टी में फोटोग्राफी का काम करता था, लेकिन उसके पास अक्सर पैसों की तंगी रहती थी। आकाश को कुछ समय से जुआ और सट्टा खेलने की लत लग गई थी। वह नशा भी करने लगा था। वह रोज उनसे रुपए मांगता था।

**गौरव के सिर से खून बहने लगा। शोर सुनकर दूसरे कमरे से मां पूनम दौड़कर आई तो आकाश ने उसे भी धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। लाठी-डंडे से पीटने लगा। इसके बाद एलईडी उठाकर उसके सिर पर मार दी।**

# बीएचयू की महिला डॉक्टर ने 100 इंसुलिन इंजेक्शन लगाए

## सुसाइड की कोशिश की, आईसीयू में भर्ती, सीनियर डॉक्टर से हुई थी नोकझोंक

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में BHU की जूनियर डॉक्टर ने आत्महत्या की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि डॉक्टर ने खुद को 100 से अधिक इंसुलिन के इंजेक्शन लगाए। शुक्रवार रात उनकी दोस्त ने उन्हें फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह डॉक्टर के कमरे पर पहुंची। पुलिस को बुलाकर दरवाजा तुड़वाया गया। इसके बाद बेसुध हालत में पड़ी डॉक्टर को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बीएचयू रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज ICU में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले डॉक्टर की एक सीनियर रेजिडेंट से किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी, तभी से वह डिप्रेशन में थीं। BHU के सर्जरी विभाग में 25 साल की एक जूनियर डॉक्टर बिहार की रहने वाली हैं। वह सामने घाट के पास किराए के मकान में रहती हैं। उनकी दोस्त के मुताबिक, रात में उन्होंने डॉक्टर को कई कॉल किए, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उन्होंने डॉक्टर के पिता को फोन किया। पिता से पता लेकर दोस्त अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डॉक्टर के कमरे पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में पुलिस पहुंची और आवाज लगाई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा दिया। अंदर डॉक्टर बेसुध हालत में पड़ी थीं। फिलहाल उन्हें बीएचयू के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के ICU में भर्ती किया गया है। इलाज कर रहे डॉक्टरों के मुताबिक, इंसुलिन के ओवरडोज का असर किडनी पर पड़ता है, इसलिए डायलिसिस भी की गई। डॉक्टर को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। होश में आने के बाद ही सही कारणों का पता चल सकेगा।



### आंधी चलने का भी अनुमान, इस सीजन पहली बार पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार

# यूपी में बारिश-ओले का अलर्ट

**मौसम**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में भीषण गर्मी पड़ रही है। सीजन में पहली बार पारा 40C पार कर गया है। मौसम विभाग ने कल से कई इलाकों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में बिजली गिरने और आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गई है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले कुछ दिन मौसम बदला रहेगा। इससे तापमान में कुछ गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि, अनुमान है कि मार्च के आखिरी हफ्ते तक प्रदेश में पारा 44C तक पहुंच सकता है।

वहीं, गोरखपुर समेत 10 जिलों में



शनिवार को पांचवे दिन भी धुंध दिखाई दी। 30-40 किमी/घंटे की स्पीड से हवाएं चल रही हैं। दिन बढ़ने के साथ तेज धूप की वजह से सड़कों पर लोग गमछे और छातों में दुबके नजर आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे की बात करें तो बांदा सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 40.2C दर्ज किया गया। झांसी में पारा 38.3C और उरई में 37.8C पहुंच गया।

### अचानक धुंध की एक और वजह?

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव ने बताया- बिहार से मराठवाड़ा के बीच में लो-प्रेशर बना हुआ है। इस वजह से पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में सुबह के वक्त कोहरे जैसे हालात बन रहे हैं। हवा सतह से नीचे चल रही है। इसलिए तापमान में थोड़ी गिरावट देखी गई है, लेकिन दिन चढ़ने के साथ तापमान में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया- आगामी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 14 मार्च से प्रदेश के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। 15 मार्च से प्रदेश के तराई इलाकों के साथ-साथ पूर्वांचल के कुछ भागों में इस सीजन में पहली बार हल्की बारिश होगी। यह दौरान कुछ दिन चल चलेगा। बाद में तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी।

**आईएमडी के अनुमान के अनुसार, इस साल कुछ इलाकों में लंबे समय तक हीटवेव की स्थिति बन सकती है। इसका मतलब है कि कई शहरों में लगातार कई दिनों तक तापमान बहुत ज्यादा रह सकता है और लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।**



### तेज धूप में बाहर निकलने से बचें

डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। किसानों के लिए मौसम मिलाजुला असर डाल सकता है। हल्की बारिश जहां फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, वहीं तेज गर्मी और हवाओं से खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की भी आशंका है।

### मार्च में ही क्यों बढ़ रही है गर्मी?

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) का असर मौसम पर साफ दिखाई दे रहा है। इसी कारण मौसम का पैटर्न तेजी से बदल रहा है। गर्मी पहले की तुलना में जल्दी शुरू हो रही है।

इसका असर यह है कि अब तापमान ज्यादा तेजी से बढ़ने लगा है। गर्म दिनों की संख्या भी बढ़ रही है। कई बार लू (हीटवेव) का दौर भी पहले से ज्यादा दिनों तक चलता है। बीते कुछ सालों में देश के कई शहरों में गर्मी के पुराने रिकॉर्ड भी टूटे हैं। कुछ जगहों पर तापमान 48 डिग्री से ऊपर तक दर्ज किया गया है।

## साधु के वेश में रह रहे इंजीनियर पति की बीच सड़क धुनाई

### पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप

तमस संकेत, संवाददाता

मथुरा। जनपद के राया क्षेत्र में उस समय हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक महिला ने साधु के वेश में जा रहे एक व्यक्ति को अपना पति बताते हुए बीच सड़क पर उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

महिला का दावा है कि साधु के वेश में रह रहा व्यक्ति उसका पति है, जो करीब 15 वर्ष पहले उसे छोड़कर लापता हो गया था। महिला के अनुसार उसका पति पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति साधु



बनकर भक्ति का ढोंग कर रहा है और किसी अन्य महिला के साथ रह रहा है। साथ ही उसके पास आलीशान फ्लैट और गाड़ी होने का भी आरोप लगाया गया है।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने साधु के वेश में रह रहे व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के अनुसार वायरल वीडियो और महिला द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### फैशन डिजाइनर के सुसाइड के बाद पिता की तबीयत बिगड़ी

आगरा । आगरा के थाना ताजगंज में तैनात कांस्टेबल के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही फैशन डिजाइनर युवती ने सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाया। बेटी के सुसाइड पर पिता सदमे में हैं। उन्होंने कहा- अगर पुलिस उसकी एफआईआर दर्ज कर लेती तो शायद आज बेटी जिंदा होती। शुक्रवार को युवती का कासगंज के कछला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### पेठा उद्योग पर सिलेंडर किल्लत का ग्रहण

आगरा । आगरा की पहचान माने जाने वाले पेठा उद्योग पर इस समय सिलेंडर और गैस की किल्लत का ग्रहण लग गया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने और पीएनजी आपूर्ति शुरू न होने से नूरी गेट क्षेत्र की अधिकांश पेठा इकाइयों में उत्पादन ठप हो गया है। इससे कारोबारियों के साथ-साथ कारीगरों और किसानों के सामने भी संकट गहरा गया है। वहीं स्टोर में रखा पेठे का फल इस्तमाल न होने की वजह से खराब हो रहा है। नूरी दरवाजा पर करीब 60 से 70 पेठा यूनिट हैं। व्यापारियों के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से यहां की कई इकाइयों पर ताला लटक गया है।

### शादी के 38 दिन बाद विवाहिता की मौत

आगरा । आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध अवस्था में नवविवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। 38 दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। 5 दिन पहले ही पति जबरन मायके से लेकर गया था।

परिजन ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया है। पति से पूछताछ की जा रही है।

## कड़ी निगरानी में हुई उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

### डीएम-एसएसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

तमस संकेत, संवाददाता

मथुरा। उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, नकलविहीन एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था और अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन कड़ाई से कराने के निर्देश



भी दिए गए। यह परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी।

जनपद मथुरा में यह परीक्षा 17 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 6000 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की गई है।

### कानपुर में खड़े डंपर में टकराई बस

कानपुर । कानपुर में इटावा हाईवे पर पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार टूरिस्ट बस खड़े डंपर में घुस गई। बस में बस में 57 तीर्थ यात्री सवार थे। इनमें से दो की मौत हो गई। वहीं, 55 तीर्थ यात्री घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बस नासिक से चलकर अयोध्या होते हुए नेपाल के लिए जा रही थी।

नासिक की रहने वाली 60 वर्षीय भागीरथी की और विनोद यादव उर्फ मनोज की मौत हुई है। हैलट के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष साहू ने बताया कि घायल वृद्धा को जब हैलट लाया गया था, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, नासिक के गांव कुमारी के रहने वाले मनोज की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस्पात नगर के सामने पुल के ऊपर हादसा हुआ। इसकी जानकारी मिलते ही पनकी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कल्याणपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराया।

### जिंदगी से हारे, आर्थिक तंगी के मारे बृजगोपाल को केएम अस्पताल में मिली नई जिंदगी

## शिक्षा और स्वास्थ्य मेरी पहली प्राथमिकता : किशन चौधरी

तमस संकेत, संवाददाता

मथुरा। केएम अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी अब सफलतापूर्वक की जा रही हैं। पहले ऐसी सर्जरी के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था और लाखों रुपये खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब ब्रजवासियों को केएम अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में अत्याधुनिक तकनीक से सुरक्षित उपचार मिल रहा है।

ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें जिंदगी से हारे और आर्थिक तंगी से जूझ रहे 40 वर्षीय बृजगोपाल के लिए केएम अस्पताल मसीहा बनकर सामने आया। यहां लाखों रुपये में होने वाला कूल्हा प्रत्यारोपण ऑपरेशन केवल दवाइयों



के खर्चे पर निःशुल्क किया गया। सफल सर्जरी के बाद नई जिंदगी पाकर मरीज ने चिकित्सकों की टीम और अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

बिहार निवासी बृजगोपाल करीब पांच माह पूर्व हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसमें उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। हादसे के बाद उनका निजी अस्पताल में इलाज कराया गया, लेकिन एक सप्ताह बाद ही उनकी स्थिति बिगड़ गई और वे चलने-फिरने से लाचार हो गए। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे कई अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन इलाज का खर्च वहन न कर पाने के कारण व्हीलचेयर के सहारे जीवन बिताने को मजबूर हो गए। करीब

**66 अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. हर्षित जैन ने बताया कि गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रुमेटॉइड आर्थराइटिस, दुर्घटना के बाद जोड़ों की क्षति या लंबे समय से घुटने व कूल्हे के असहनीय दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी बेहद प्रभावी उपचार है। इससे मरीजों के दर्द में कमी आती है और वे जल्द सामान्य जीवन की ओर लौटते हैं।**

चार माह बाद बृजगोपाल केएम अस्पताल पहुंचे, जहां अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. हर्षित जैन, डॉ. ललित राघव और डॉ. रामधन नारानिया ने जांच की। जांच में पता चला कि कूल्हे की हड्डी गल चुकी है और जॉइंट रिप्लेसमेंट ही मरीज को नई जिंदगी दे सकता है। आयुष्मान योजना का लाभ न होने के बावजूद मरीज की दयनीय स्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देश पर दवाइयों के खर्चे पर निःशुल्क कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया।

## कार्यक्रम : शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन शिक्षकों ने लिया भाग

तमसा संकेत, संवाददाता

नौहझील। उच्च प्राथमिक विद्यालय मीरपुर विकासखंड नौहझील में ₹शिक्षा चौपाल₹ नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल चलो अभियान, बच्चों का नामांकन, नामांकन पश्चात स्कूल में बच्चों का ठहराव, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आदि बिंदुओं पर चर्चा, विचार एवं सुझाव रखे गए ।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में विकासखंड नौहझील के अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । उसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय मीरपुर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत में स्वागत गान का कार्यक्रम किया गया तथा उपस्थित हुए सभी लोगों का पटुका एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया ।




इसके बाद केपी सिंह, उत्तम सारस्वत, हरिश्चंद चौधरी, साहब सिंह, जितेंद्र सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने अपने विचार और सुझाव रखे । इस अवसर पर ब्लॉक के अधिकारीगण, सभी एआरपी, ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य, तमाम शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तम सारस्वत, साहब सिंह, हरिश्चंद्र चौधरी, प्रशांत दीक्षित, अजय कुमार, चंद्रपाल सिंह, केपी सिंह ,राजन लाल, लोकेश चौधरी ,अनिल कुमार, अमित कुमार ,इंदु शर्मा, कृष्णा कुमारी, प्रभारानी, रेखा देवी, दलवीर सिंह, पप्पू सेठ, राम निवास ,श्यामबाबू सेठ, गौरव सिंह ,भगवान सिंह, महेश शर्मा, गजेंद्र सिंह, सूरजपाल सिंह, पवन कुमार ,अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार ,हेमंत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन केपी सिंह द्वारा किया गया।

### कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर लिफ्ट में फंसे 18 यात्री

कानपुर । कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर 18 यात्री लिफ्ट में फंस गए। रोने और चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर यात्रियों ने लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। कोई भी रेलवे कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंची।

इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा है। फंसे हुए यात्री भी लिफ्ट से बाहर निकलने के बाद बगैर कोई कंप्लेन किए वहां से चले गए। पूरा घटना शनिवार को प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर हुई।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 और 3 पर बनी लिफ्ट में 18 यात्री घुसे। इसके बाद लिफ्ट बंद हो गई। बटन दबाने के बाद भी लिफ्ट ऊपर-नीचे नहीं आई गई। इसके बाद उसके अंदर मौजूद लोग परेशान हो गया।

टेक्निकल गड़बड़ी के चलते लिफ्ट खुली भी नहीं तो वे घबरा गए। करीब 5 मिनट तक बंद रहने के चलते यात्री चीखने-चिल्लाने लगे। इसके बाद बाहर मौजूद अन्य यात्रियों ने किसी तरह लिफ्ट का दरवाजा तोड़ दिया।

## बीएचयू की महिला डॉक्टर ने सौ इंसुलिन इंजेक्शन लगाए

### सुसाइड की कोशिश की, आईसीयू में भर्ती, सीनियर डॉक्टर से हुई थी नोकझोंक

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में BHU की जूनियर डॉक्टर ने आत्महत्या की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि डॉक्टर ने खुद को 100 से अधिक इंसुलिन के इंजेक्शन लगाए। शुक्रवार रात उनकी दोस्त ने उन्हें फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह डॉक्टर के कमरे पर पहुंची। पुलिस को बुलाकर दरवाजा तुड़वाया गया। इसके बाद बेसुध हालत में पड़ी डॉक्टर को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बीएचयू रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज ICU में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले डॉक्टर की एक सीनियर रेजिडेंट से किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी, तभी से वह डिप्रेशन में थीं।



BHU के सर्जरी विभाग में 25 साल की एक जूनियर डॉक्टर बिहार की रहने वाली हैं। वह सामने घाट के पास किराए के मकान में रहती हैं। उनकी दोस्त के मुताबिक, रात में उन्होंने डॉक्टर को कई कॉल किए, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

इसके बाद उन्होंने डॉक्टर के पिता को फोन किया। पिता से पता लेकर दोस्त अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डॉक्टर के कमरे पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में पुलिस पहुंची और आवाज लगाई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा दिया। अंदर डॉक्टर बेसुध हालत में पड़ी थीं।

**आईएमएस बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर एसएन संखवार ने बताया डॉक्टर को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। होश में आने के बाद ही सही कारणों का पता चल सकेगा।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### आ रही एलपीजी...

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, सरगुजा और रायगढ़ सहित कई जिलों में सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लोगों की भीड़ लगी हुई है। लोग तेज धूप में घंटों खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सर्वर ठप हो जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से होटलों में 10% सरचार्ज लिया जा रहा है। वहीं रायगढ़, जगदलपुर सहित कई जिलों के होटलों में लकड़ी के चूल्हों पर खाना बनाया जा रहा है। कुछ जगहों पर मेन्यू में कटौती भी की गई है।

ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया है। दक्षिणी इजराइल के शहर इलात में इस हमले में दो लोग घायल हो गए, जिनमें एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। इजराइल की आपात सेवा मागेन डेविड अडोम (MDA) के मुताबिक मिसाइल गिरने से सड़क के बीचोंबीच करीब दो मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। MDA की तरफ से जारी वीडियो में हमले के बाद सड़क पर बड़ा क्रेटर दिखाई दे रहा है।

बताया गया है कि 12 वर्षीय लड़के को छर्रों से चोट लगी है और उसकी हालत मध्यम से गंभीर लेकिन स्थिर है। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव, यरुशलम और उत्तरी इजराइल के कई इलाकों में सायरन बजाए गए। हालांकि इन जगहों पर किसी नुकसान की तत्काल पुष्टि नहीं हुई है।

### सरकार बोली-दिल्ली ...

सबसे पहले कचरे को छांटकर उसमें से ऐसी चीजें निकाली जाती हैं जो जल नहीं सकतीं (जैसे कांच या धातु) और फिर बाकी बचे हिस्से को मशीन से छोटे-छोटे टुकड़ों या पेलेट्स (गोलियों) में बदल दिया जाता है। इसका इस्तेमाल कोयले या नेचुरल गैस के विकल्प के रूप में फैक्ट्रियों, सीमेंट प्लांट और पावर प्लांट्स में ऊर्जा पैदा करने के लिए होता है, जिससे न सिर्फ कचरे का निपटारा होता है बल्कि प्रदूषण भी कम करने में मदद मिलती है।

### बेगूसराय में सीएम...

बेगूसराय में दोनों डिप्टी CM और मुख्यमंत्री के सामने 'बिहार का CM कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो' के नारे लगाए गए।

CM के पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। समृद्धि यात्रा के तहत CM जिस हेलीपैड पर उतरने वाले थे वहां एक बैल घुस गया। बैल ने वहां मौजूद पुलिस वालों को दौड़ा दिया।

बचने के लिए एक पुलिसकर्मी फायर ब्रिगेड की गाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बाहर खदेड़ा। थोड़ी देर तक वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### संभल डीएम और एसपी...

AIMIM नेता सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार करते हुए कहा- ये मुल्क आपके बाप का नहीं। तुम इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की जुबान बोल रहे हो।

उधर, संभल में सपा विधायक इकबाल महमूद ने भी सीओ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा था, तब उन्होंने यहां के हिंदुओं को जहाज से वहां क्यों नहीं भेजा?

दरअसल, संभल के असमोली में पीस कमेटी की मीटिंग में सीओ कुलदीप कुमार ने शांति भंग न करने की चेतावनी देते हुए कहा था कि कोई भी अंतरराष्ट्रीय विवादों के नाम पर शहर की शांति भंग न करे। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बहुत सारे लोगों को इस बात की खुजली मची है कि साहब, ईरान और इजराइल के बीच में झगड़ा हो रहा है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने कहा-यह राज्य का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि हर समुदाय निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा कर सके। अगर वह निजी संपत्ति है, तो राज्य से किसी इजाजत की जरूरत नहीं। कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि राज्य का दखल सिर्फ वहीं जरूरी है, जहां प्रार्थना या धार्मिक काम सार्वजनिक भूमि पर आयोजित किए जाने हों।

याचिकाकर्ता मुनाजिर खान के मुताबिक, पिछले साल फरवरी महीने में हयातनगर थाने से पुलिसवाले आए। उन्होंने कहा कि सिर्फ 20 लोग ही मस्जिद में नमाज पढ़ सकते हैं। एक बार में 5-6 लोग ही नमाज अदा करें।

### सरकारी वकील बोले...

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- आपने अब तक मस्जिद या नमाज की जगह की कोई तस्वीर कोर्ट में दाखिल नहीं की है। इस पर याचिकाकर्ता ने समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें नमाज की जगह की तस्वीरें और राजस्व रिकॉर्ड दाखिल करने के लिए अनुमति दे दी। अब वह इसे 16 मार्च से पहले सब्मिट करेंगे।

### 'बर्दाश्त नहीं करेंगे'...

अगर तुमको ज्यादा तकलीफ हो रही है तो इंडिया से ईरान चले जाओ। मैं उस डीएसपी से कहना चाहता हूं कि ये मुल्क आपके बाप का नहीं है। तुम बेंजानिम नेतन्याहू की जुबान बोल रहे हो। अगर कल को इजराइल के पक्ष में जुलूस निकाला जाएगा तो तुम जय-जय के नारे लगाओगे न?

### मोदी की रैली से पहले ...

राज्य की मौजूदा सरकार केंद्र की योजनाओं को लोगों तक नहीं पहुंचने देती और कटमनी के कारण गरीबों को उनका हक नहीं मिल पाता।

बंगाल में युवाओं को न अच्छी शिक्षा मिल रही है और न रोजगार। किसान भी परेशान हैं और कई लोगों को काम के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ घटनाएं चिंता का विषय हैं। भाजपा सरकार आने पर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथ और अब टीएमसी ने राज्य पर शासन किया, लेकिन अब बदलाव का समय आ गया है। भाजपा सरकार बनने पर सबका साथ, सबका विकास होगा और सबका हिसाब किया जाएगा।

पीएम ने कहा कि टीएमसी सरकार ने सभी सीमाएं लांघ दी हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बंगाल आईं। उन्हें एक कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन इस सरकार ने उनका विरोध किया, क्योंकि एक आदिवासी बेटी इतने बड़े पद पर हैं, इन्हें उनका सम्मान मंजूर नहीं थी।

### मोतीमहल लॉन में ...

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि रोज़ा इफ्तार जैसे कार्यक्रम महज़ एक धार्मिक आयोजन नहीं होते, बल्कि यह समाज के अलग-अलग वर्गों को एक सूत्र में जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से सामाजिक सद्भाव और समानता की बात करती रही है और ऐसे आयोजन उसी भावना को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब रही है, जहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उसी सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करते हैं और समाज में एकता और सौहार्द का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, रविदास मेहरोत्रा, फरीद महफूज किदवई, विधायक जासमीर अंसारी, पूर्व डीजीपी रिज़वान अहमद, मौलाना सूफियान निजामी, कुंवर फतेह बहादुर, अदनान चौधरी, विकास यादव, जूही सिंह, पूजा शुक्ला, जयसिंह जयंत, कामरान बेग, दीपक रंजन, फखरूल हसन चांद, नवीन धवन बंटी, सैय्यद यावर हुसैन रेशू और शब्बीर अहमद सहित कई अन्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सदाकत की फिफ्टी, 3 विकेट भी झटके, सलमान के रनआउट पर विवाद

# पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 128 रन से हराया

**मुकाबला**

**ढाका, एजेंसी**

पाकिस्तान ने वनडे सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 128 रन से हराया दिया है। इस जीत से टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 15 मार्च को मीरपुर में खेला जाएगा। ढाका के शेर-ए-बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तानी टीम 47.3 ओवर में 274 रन पर ऑलआउट हो गई और मेजबान टीम को 275 रन का टारगेट दिया। इसे बांग्लादेश की पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। ऐसे में टारगेट को रिवाइज करके 243 रन कर दिया गया।



इसे चेज करते हुए बांग्लादेशी टीम 23.3 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच सदाकत माज ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 46 बॉल पर 75 रनों की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी झटके। पाकिस्तान के सलमान अली आगा ने 62 बॉल पर 64 रन बनाए। उन्हें मेहदी हसन मिराज ने रनआउट कर दिया। इस रनआउट पर विवाद खड़ा हो गया। 243 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने शुरुआती 15 रन बनाने 3 विकेट गंवा दिए थे। तंजीद हसन ने एक रन, सैफ हसन ने 12 और नजमुल हसन शांतो ने 12 रन बनाए।

### तलत हुसैन के कंधे पर चोट लगी



बांग्लादेश की पारी के 7वें ओवर की तीसरी बॉल पर एक बाउंड्री रोकने के प्रयास में हुसैन तलत चोटिल हो गए। उनका बायां कंधा डिसलोकेट हो गया। उन्हें स्ट्रेचर के जरिए मैदान से बाहर ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक उनकी चोट पर PCB की ओर से कोई अपडेट नहीं आया है। टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी रही। टीम ने पहले पावरप्ले में बगैर विकेट गंवाए 85 रन बनाए। सदाकत माज ने 9वें ओवर में नाहिद राणा की दूसरी बॉल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने साहिबजादा फरहान के साथ 103 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। माज को मेहदी हसन मिराज ने कैच आउट कराया और ओपनिंग पार्टनरशिप ब्रेक की।

**“103 रन पर पहला विकेट गंवाने वाली पाकिस्तान ने 121 पर दूसरा और 122 रन पर दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर फरहान 31 और शमील 6 रन बनाकर आउट हुए। एक समय टीम का स्कोर 122/3 हो गया था। यहां से मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके पाकिस्तानी टीम की वापसी कराई। लेकिन, सलमान 64 रन के स्कोर पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट होने से यह साझेदारी टूट गई।**



### सलमान आगा का विवादित रनआउट

39वें ओवर में पाकिस्तान ने सलमान अली आगा का विकेट गंवाया। यहां पर मेहदी हसन मिराज की चौथी बॉल को रिजवान ने डिफेंड किया। गेंद लुढ़कते हुए नॉन-स्ट्राइकर पर खड़े सलमान की ओर गई। वे क्रीज से बाहर थे। मिराज गेंद की तरफ दौड़े, जिसे आगा ने रोक लिया। इससे पहले कि आगा झुककर गेंद उठाते, मिराज ने गेंद उठा ली और उसे स्टंप्स पर मार दी। यहां सलमान के पास क्रीज तक पहुंचने का मौका नहीं था, क्योंकि मेहदी सामने खड़े थे।

## गंभीर 2 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच

### गांगुली बोले-असली परीक्षा 2027 वर्ल्ड कप में होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर अपना दूसरा ICC खिताब हासिल किया। इससे पहले उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती थी। हालांकि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि गंभीर की असली परीक्षा 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में होगी। गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में खेला जाएगा और वहां की परिस्थितियां टीम और कोच दोनों को चुनौती देंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि गंभीर मौजूदा टीम के साथ वहां भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने फाइनल तक अजेय सफर तय किया था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। गंभीर ने 2011 में बतौर खिलाड़ी वर्ल्ड कप जीता था, अब उन पर बतौर कोच भारत को



वनडे का विश्व विजेता बनाने का दबाव है। रोहित-विराट के लिए आखिरी मौका हो सकता है 2027 वर्ल्ड कप 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भारत के दो दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह इन दोनों दिग्गजों के करियर का आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है। ऐसे में गंभीर के कंधों पर इन दिग्गजों को एक यादगार विदाई दिलाने की जिम्मेदारी भी होगी। गांगुली ने रेड बॉल यानी टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन सुधारने को लेकर भी गंभीर को खास सलाह दी है।

# अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्डकप जीत के बाद वैष्णों देवी पहुंचे

### फोटोज शेयर कीं, फाइनल में खेली थी 52 रन का पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किए। अभिषेक शर्मा हाल ही में भारतीय टीम के साथ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए। अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड




कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्य पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। भारत की जीत के बाद अभिषेक ने कहा, कोच और कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया। मैं खुद भी खुद पर शक कर रहा था क्योंकि यह टूर्नामेंट मेरे लिए आसान नहीं था। मैंने इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। अपना पहला वर्ल्ड कप खेल रहा था। टॉप-10 टी-20 बैटर्स की लिस्ट में 4 भारतीय शामिल हैं। इनमें अभिषेक नंबर-1, ईशान नंबर-2, तिलक वर्मा नंबर-7 और सूर्यकुमार यादव नंबर-9 पर हैं। तिलक वर्मा को एक और सूर्या को दो स्थान का नुकसान हुआ। 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच खेला गया था। इसमें भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन के अंतर से हराया और अपना टाइटल डिफेंड किया था। टीम इंडिया ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता था।

# आर्याना सबालेंका इंडियन वेल्स के फाइनल में

### सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया, खिताब के लिए रायबकिना से होगी भिड़ंत

**मुबंई, एजेंसी**

इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 28 मिनट तक चला। सबालेंका पिछले चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वह यहां दो बार उपविजेता रह चुकी हैं। अब फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में रायबकिना ने यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। फाइनल को लेकर सबालेंका ने कहा,'मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि रविवार के मैच के लिए मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और पूरी कोशिश करूंगी कि यह साल मेरा हो।' इससे पहले क्वार्टरफाइनल में भांबरी और



आर्यना सबालेंका इंडियन वेल्स में पिछले चार साल में दो बार उपविजेता रहीं, जबकि एक बार विजेता बनी हैं।

गोरानसन ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एरलर और इटली के आंद्रेया वावासोरी की जोड़ी को 6-3, 7-6 (7) से हराया था। भांबरी की इस उपलब्धि के साथ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दो साल बाद किसी भारतीय खिलाड़ी की सेमीफाइनल में मौजूदगी भी दर्ज हुई। इससे पहले रोहन बोपन्ना ने 2024 में मियामी ओपन का खिताब जीता था।


**एलिना रायबकिना ने आर्यना सबालेंका को ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में हराकर पहली बार खिताब जीता था।**

### सबालेंका ने ज्यादा मुकाबले जीते हैं

आर्याना सबालेंका और एलिना रायबकिना के बीच अब तक कुल 15 मुकाबले हुए हैं। इनमें सबालेंका का पलड़ा भारी है और उन्होंने 8 मैचों में जीत दर्ज की है। हालांकि, पिछले दो मुकाबलों में बाजी रायबकिना के हाथ लगी है।

### इंडियन वेल्स में भांबरी सेमीफाइनल में हारे

इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शानदार दौड़ सेमीफाइनल में खत्म हो गई। गैर वरीय इस जोड़ी को फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेक और मोनाको के वेलेंटिन वाचेरोट की जोड़ी ने 5-7, 7-6 (7), 10-5 से हराया।



### ऑस्ट्रेलियाई ओपन की हार का बदला लेने का मौका

सबालेंका के लिए यह फाइनल बेहद अहम है। साल 2026 में सबालेंका ने अब तक 13 मैच खेले हैं, जिनमें से 12 में उन्हें जीत मिली है। उनकी एकमात्र हार इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रायबकिना के खिलाफ आई थी। ऐसे में रविवार को सबालेंका के पास न सिर्फ उस हार का बदला लेने का मौका होगा,बल्कि इंडियन वेल्स में अपने 0-2 के फाइनल रिकॉर्ड (दो बार रनर-अप रहना) को सुधारने की भी चुनौती होगी।

**मनोरंजन**

## मोबाइल के जमाने में लंबे समय तक पेजर यूज किया, तकनीक से ज्यादा काम पर फोकस

# 61 के हुए आमिर खान

**मुबंई, एजेंसी**

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान आज अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। करीब चार दशक लंबे करियर में उन्होंने सिर्फ हिट फिल्में ही नहीं दीं, बल्कि अभिनय और कहानी कहने के तरीके को भी नई दिशा दी है। 8 साल की उम्र में फिल्म 'यादों की बारात' से चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर कैमरे के सामने आने वाले आमिर ने आगे चलकर 'लगान', 'गजनी', '3 इडियट्स' और 'दंगल' जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाई। उनका मानना था कि तकनीक से ज्यादा जरूरी काम पर ध्यान देना है। यही वजह है कि उन्हें इंडस्ट्री में 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहा जाता है।



### एक सीन के लिए कई बार रिहर्सल

आमिर खान एक सीन को परफेक्ट बनाने के लिए कई बार रिहर्सल करते हैं। अगर उन्हें लगता है कि सीन सही नहीं हुआ है तो वे बिना हिचकिचाहट के दोबारा शॉट देने के लिए तैयार रहते हैं। उनके साथ काम कर चुके कई कलाकार बताते हैं कि आमिर सेट पर बेहद फोकस्ड रहते हैं। उनका मानना है कि छोटी-छोटी चीजें ही किसी सीन को खास बनाती हैं। यही वजह है कि उनकी फिल्मों में अभिनय की गहराई अलग नजर आती है।

### क्यों कहा जाता है 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट'

आमिर खान को बॉलीवुड में 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहा जाता है क्योंकि वे अपने किरदार के लिए महीनों तक तैयारी करते हैं। वे स्क्रिप्ट पढ़ने से लेकर किरदार की मानसिकता समझने तक हर चीज पर गहराई से काम करते हैं। NDTV से बातचीत के दौरान आमिर खान ने कहा था, “मैं खुद को परफेक्शनिस्ट नहीं मानता। मुझे बस अपने काम से प्यार है और मैं उसे ईमानदारी से करना चाहता हूं।”

### 'लगान' के लिए गांव में रहकर तैयारी

फिल्म 'लगान' की शूटिंग के दौरान आमिर खान और पूरी टीम लंबे समय तक गांव में रही। इसका मकसद फिल्म के माहौल को असली बनाना था। कलाकारों ने क्रिकेट की खास ट्रेनिंग भी ली। टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में आमिर खान ने बताया था।

### स्कूल के दिनों में स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी

फिल्मों से पहले आमिर खान की जिंदगी में खेल का भी बड़ा स्थान था। स्कूल के दिनों में उन्हें टेनिस खेलने का बहुत शौक था और वे स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी भी रह चुके हैं। खेल ने उन्हें अनुशासन और धैर्य सिखाया। यही गुण बाद में उनके अभिनय करियर में भी काम आए।

**किरदार के लिए महीनों तैयारी करना, स्क्रिप्ट पर गहराई से काम करना और हर फिल्म में कुछ नया करने की कोशिश उनकी खास पहचान बन चुकी है। इतना ही नहीं शूटिंग के दौरान आमिर घड़ी नहीं देखते है, मोबाइल के जमाने में लंबे समय तक पेजर यूज किया।**


### शूटिंग के दौरान घड़ी नहीं देखते

आमिर खान शूटिंग के दौरान समय से ज्यादा काम की गुणवत्ता पर ध्यान देते हैं। वे सीन पूरा होने तक लगातार काम करते रहते हैं और घड़ी नहीं देखते। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में आमिर खान ने कहा था, “फिल्म बनाना टीमवर्क है। अगर हम सब मिलकर ईमानदारी से काम करें तो परिणाम भी बेहतर आता है।”

जब मोबाइल फोन तेजी से लोकप्रिय हो रहे थे, तब भी आमिर खान लंबे समय तक पेजर इस्तेमाल करते रहे। वे नई तकनीक अपनाने में जल्दबाजी नहीं करते थे। उनका मानना था।

### 8 साल की उम्र में पहली बार कैमरे के सामने

आमिर खान का फिल्मों से रिश्ता बचपन से ही जुड़ गया था। वे सिर्फ 8 साल की उम्र में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर फिल्म 'यादों की बारात' में नजर आए थे। यह फिल्म उनके चाचा नासिर हुसैन ने बनाई थी। उस समय आमिर को फिल्मों की दुनिया का ज्यादा अंदाजा नहीं था, लेकिन कैमरे के सामने आने का अनुभव उन्हें हमेशा याद रहा। बाद में उन्होंने अभिनय को ही अपना करियर बनाया और बॉलीवुड के सबसे भरोसेमंद अभिनेताओं में शामिल हो गए। उनका मानना है कि शुरुआती अनुभव ही किसी कलाकार के भीतर आत्मविश्वास पैदा करते हैं।






### फिल्म सेट ही बन गया एक्टिंग स्कूल

बचपन में आमिर अक्सर अपने पिता और परिवार के साथ फिल्म के सेट पर जाया करते थे। वे घंटों बैठकर शूटिंग देखते और कलाकारों को अभिनय करते हुए देखते थे। यही उनका पहला एक्टिंग स्कूल बन गया। NDTV को दिए एक इंटरव्यू में आमिर खान ने कहा था, “मैं प्रशिक्षित अभिनेता नहीं हूं। मैंने अभिनय किसी संस्थान से नहीं सीखा, बल्कि सेट पर देखकर सीखा।” आमिर के मुताबिक हर फिल्म और हर किरदार उन्हें कुछ नया सिखाता है। यही वजह है कि वे हर रोल को बिल्कुल नए नजरिए से समझने की कोशिश करते हैं।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर तनुश्री दत्ता का गंभीर दावा

### कहा-शोबिज में कई कलाकारों का इस्तेमाल हो जाता है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री (शोबिज) में नए कलाकारों के शोषण को लेकर गंभीर दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि मनोरंजन जगत में कई नए लोगों के साथ शोषण होता है और कुछ को तो देह व्यापार तक धकेल दिया जाता है। यूट्यूब चैनल मेरी सहेली के साथ बातचीत में तनुश्री ने कहा कि इंडस्ट्री में आने वाले कई नए लोगों को पहले तारीफों और बड़े वादों से आकर्षित किया जाता है। उन्होंने कहा, “किसी को कहा जाता है कि आप हीरोइन बनेंगे या बड़े स्टार



बनेंगे, लेकिन कई बार यही बातें आगे चलकर एक जाल की शुरुआत बन जाती हैं।” तनुश्री के अनुसार, कई लोग पहले नए कलाकारों की तारीफ करते हैं और फिर उन्हें अलग-अलग लोगों से मिलने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में कलाकारों को बहुत संयम और सावधानी के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। तनुश्री ने कहा कि बचपन में माता-पिता जो सावधान रहने की सीख देते हैं, वह बड़े होने के बाद भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि जैसे बच्चों को अनजान लोगों के साथ न जाने की सलाह दी जाती है, वैसे ही इंडस्ट्री में भी सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यहां लालच अलग तरीके से दिया जाता है। उनके मुताबिक कई लोग कलाकारों की महत्वाकांक्षा, उम्मीदों और सपनों का इस्तेमाल करते हैं। तनुश्री ने कहा कि वह इन मुद्दों पर इसलिए बोलती हैं।

# मधुबाला बायोपिक में कास्टिंग की हुई चर्चा तेज

### दावा-साई पल्लवी को मिल सकता है लीड रोल

**मुबंई, एजेंसी**

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय अदाकाराओं में गिनी जाने वाली मधुबाला की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक एक बार फिर चर्चा में आ गई है। फिल्म की कास्टिंग को लेकर लगातार नए-नए नाम सामने आ रहे हैं। पहले खबर थी कि इस फिल्म में लीड रोल के लिए कियारा आडवाणी को चुना गया है, लेकिन यह खबर झूठी साबित हुई। Filmfare की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री साई पल्लवी का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह इस भूमिका के लिए फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की शुरुआती पसंदों में शामिल रही हैं। हालांकि कास्टिंग को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दरअसल, इस बायोपिक को लेकर पिछले कुछ महीनों से कई तरह की खबरें सामने आती रही हैं। कभी कियारा आडवाणी के नाम की चर्चा हुई, तो कभी 'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा को मधुबाला का किरदार निभाने की खबरें आईं। लेकिन बाद में कुछ रिपोर्ट्स में इन दावों को अफवाह भी बताया गया।



### ट्रंप बोले- सभी सैन्य ठिकाने तबाह, होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रोकने पर सख्त चेतावनी

# ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिका का हवाई हमला

**दावा**



**वॉशिंगटन, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के एक अहम ठिकाने पर बड़ा हवाई हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

ट्रंप के अनुसार यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से किया गया और इसका उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना था। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने जानबूझकर द्वीप के तेल ढांचे को निशाना नहीं बनाया, ताकि ऊर्जा आपूर्ति पर असर न पड़े। ट्रंप ने कहा कि अपने पहले कार्यकाल से लेकर अब तक उन्होंने अमेरिकी सेना को दुनिया की सबसे शक्तिशाली और घातक सैन्य ताकत बनाया है। उनका दावा है कि ईरान के पास अमेरिका के हमलों का सामना करने की क्षमता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकेगा। उन्होंने ईरानी सेना और उससे जुड़े समूहों से हथियार डालने की अपील भी की और कहा कि अगर ईरान संघर्ष जारी रखता है तो उसके लिए हालात और कठिन हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकेगा।

### ट्रंप ने तेल ढांचे को क्यों नहीं निशाना बनाया?

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास इतनी ताकत है कि वह द्वीप के पूरे तेल ढांचे को भी नष्ट कर सकती थी। लेकिन उन्होंने ऐसा न करने का फैसला लिया। ट्रंप के अनुसार यह फैसला वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित होने से बचाने और मानवीय कारणों को ध्यान में रखते हुए लिया गया।

**ट्रंप ने कहा कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकेगा। उन्होंने ईरानी सेना और उससे जुड़े समूहों से हथियार डालने की अपील भी की। ट्रंप के अनुसार अगर ईरान संघर्ष को जारी रखता है तो उसके लिए हालात और कठिन हो सकते हैं।**

### होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ट्रंप ने क्या चेतावनी दी?

ट्रंप ने साफ कहा कि यदि ईरान या कोई अन्य देश होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना फैसला बदल सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में अमेरिका द्वीप के तेल ढांचे को भी निशाना बनाने पर विचार करेगा।

### खार्ग द्वीप क्यों है इतना अहम?

खार्ग द्वीप ईरान के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यह फारस की खाड़ी में स्थित एक बड़ा तेल निर्यात केंद्र है। यहां से ईरान का बड़ा हिस्सा तेल दुनिया के अलग-अलग देशों को भेजा जाता है। यही कारण है कि इस द्वीप को ईरान की ऊर्जा व्यवस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उनके पहले कार्यकाल से लेकर अब तक उन्होंने अमेरिकी सेना को दुनिया की सबसे शक्तिशाली और घातक सैन्य ताकत बना दिया है। उनका कहना है कि ईरान के पास अमेरिका के हमलों का सामना करने की क्षमता नहीं है।

# मेटा में 15,000 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी शुरू

### एआई पर निवेश और स्टार्टअप्स की खरीदारी बनी वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी**




फेसबुक और इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर बड़े स्तर पर छंटनी की तैयारी में है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी अपने ग्लोबल वर्कफोर्स में से 20% कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। मेटा के पास 31 दिसंबर 2025 तक लगभग 79,000 कर्मचारी थे, इस हिसाब से करीब 15,000 से ज्यादा लोगों की नौकरी जा सकती है। कंपनी यह कदम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर बढ़ रहे अरबों डॉलर के खर्च और डेटा सेंटर्स की लागत को मैनेज करने के लिए उठा रही है। हालांकि, मेटा के प्रवक्ता एंडी स्टोन ने इन खबरों को 'काल्पनिक' बताते हुए फिलहाल किसी भी छंटनी से इनकार किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेटा ने अपने 'सुपरइंटेलिजेंस लैब्स' (MSL) में नई प्रतिभाओं को लाने के लिए भारी निवेश किया है। कंपनी ने हाल ही में अलेक्जेंडर वांग के स्टार्टअप 'स्केल एआई' को 14.5 बिलियन डॉलर (करीब 1.21 लाख करोड़ रुपए) में खरीदा है। इसके अलावा, मेटा ने 2028 तक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर 600 बिलियन डॉलर (लगभग 50 लाख करोड़ रुपए) खर्च करने का लक्ष्य रखा है। इसी भारी भरकम खर्च की भरपाई करने के लिए कंपनी वर्कफोर्स कम करने पर विचार कर रही है। मार्क जुकरबर्ग ने पहले ही संकेत दिया था कि एआई ने प्रोडक्टिविटी को आसान बना दिया है। उन्होंने इसी साल जनवरी में कहा था कि जो प्रोजेक्ट पहले बड़ी टीमों के जरिए पूरे किए जाते थे, वे अब एआई की मदद से एक सिंगल टैलेंटेड व्यक्ति द्वारा पूरे किए जा सकते हैं। अगर कंपनी 20% कर्मचारियों को निकालती है, तो यह मेटा के इतिहास की सबसे बड़ी छंटनी होगी। इससे पहले नवंबर 2022 में कंपनी ने 11,000 लोगों को निकाला था। इसके ठीक चार महीने बाद मार्च 2023 में 10,000 और कर्मचारियों की छुट्टी की गई थी। यह खबर तब आई है जब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मेटा एआई की रेस में पिछड़ रही है।

**फास्ट न्यूज**

### सिखों ने 25 करोड़ में गुरुद्वारा बेचा

जालंधर। कनाडा में सिखों ने एक गुरुद्वारा बेच दिया। इसे बनाने, खरीदने और बेचने वाली तीनों पार्टियां सिख हैं। गुरुद्वारा बेचने का ये दावा पाठी ने 3-4 मार्च को श्री आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला समागम में किया।

इस वीडियो के एक्स पर अपलोड होने से अब ये तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दावा किया गया है कि गुरुद्वारा 3 मिलियन डॉलर यानी 25 करोड़ रुपए में बेचा गया है।

### पाक गई सरबजीत हमारी बुआ : नासिर हुसैन

अमृतसर। सिख श्रद्धालुओं की आड़ में पाकिस्तान गई पंजाबी महिला सरबजीत खालिस्तान समर्थकों की बुआ बन गई है। खालिस्तान समर्थक सरबजीत के मुस्लिम पति नासिर हुसैन को फुफ्फड़ (फूफा) कहा है। खालिस्तान समर्थकों ने नासिर हुसैन को कहा कि उसे फुल सपोर्ट है। अगर कोई कुछ कहे तो हमें बता देना। बस वह उनकी बुआ को खुश रखे। इसका 1.37 मिनट का वीडियो सामने आया है। जिसमें विदेशों में बैठे खालिस्तान समर्थक नासिर हुसैन से जुड़े हुए हैं और उससे बात कर रहे हैं। नासिर हुसैन भी खुश दिखाई देता है।


### होंडा की अमेरिका में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च योजना रद्द

जैक इविंग। होंडा ने अमेरिका में इलेक्ट्रिक कार (ईवी) लॉन्च करने की योजना रद्द कर दी है। कंपनी ने कहा है कि अमेरिका में ईवी की मांग धीमी पड़ने और नीतिगत बदलावों के कारण उसने यह फैसला किया है। कंपनी को 1957 में शेयर बाजार में लिस्टिंग के बाद पहली बार 2025-26 में 36,550 करोड़ रुपए से ज्यादा घाटा होने का अंदेशा है।

## एडोबी के सीईओ शांतनु नारायण 18 साल बाद पद छोड़ेंगे

### एआई युग में एडोबी को ग्लोबल लीडर बनाया

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय मूल के शांतनु नारायण एडोबी के CEO का पद छोड़ रहे हैं। वे पिछले 18 साल से इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। शांतनु ने कर्मचारियों को भेजे एक मेमो में इसकी जानकारी दी है। हालांकि, वे तुरंत पद नहीं छोड़ेंगे। जब तक बोर्ड उनके उत्तराधिकारी की तलाश पूरी नहीं कर लेता, वे CEO बने रहेंगे। इसके बाद वे बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। शांतनु नारायण ने 2007 में एडोबी की कमान संभाली थी। उस समय एडोबी मुख्य रूप से बॉक्स में पैक सॉफ्टवेयर जैसे फोटोशॉप और एक्रोबैट बेचने वाली कंपनी थी। तब कंपनी का रेवेन्यू 1 अरब डॉलर (करीब 9,200 करोड़ रुपए) से कम था और सिर्फ 3,000 कर्मचारी थे। शांतनु ने कंपनी को ट्रेडिशनल लाइसेंस मॉडल से हटाकर 'सब्सक्रिप्शन फर्स्ट' मॉडल पर शिफ्ट किया। पहले लोग फोटोशॉप जैसे सॉफ्टवेयर की CD या लाइसेंस एक बार भारी पैसा देकर खरीदते थे। शांतनु ने इसे बदलकर नेटफ्लिक्स जैसा बना दिया। यानी अब आपको सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करने के लिए हर महीने या साल के हिसाब से फीस देनी होती है। इसी छोटे से बदलाव ने कंपनी की कमाई कई गुना बढ़ा दी। आज एडोबी का सालाना रेवेन्यू करीब 2.31 लाख करोड़ रुपए है और कंपनी में 30,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। उनके कार्यकाल में कंपनी के शेयरों में 6 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है।

### अफगानिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, पहले पाक ने काबुल पर एयरस्ट्राइक की

# पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में 2 विस्फोटक ड्रोन मार गिराए

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोटकों से भरे दो ड्रोन मार गिराए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ड्रोन फैजाबाद इलाके के पास गिरा, जबकि दूसरा I-9 सेक्टर में गिराया गया। इससे पहले अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट क्षेत्र में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। दरअसल पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में 6 लोगों की मौत और



15 लोग घायल हुए। इस बीच पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कहा कि इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानें सामान्य रूप से जारी हैं और एयरपोर्ट बंद होने की खबरें गलत हैं। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि TTP अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।

### पाकिस्तान ने अफगान के फ्यूल डिपो पर हमला किया था

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाकिस्तान ने प्राइवेट एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था, जो सिविलियन विमानों और UN के विमानों को भी फ्यूल सप्लाई करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी तालिबान (TTP) के ठिकानों पर की गई है। हाल के महीनों में देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया।





तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान ने कई नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाया है।

### पाकिस्तान ने तालिबान नेताओं के गढ़ को निशाना बनाया

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा कि पाकिस्तानी हमले कंधार और पक्तिका प्रांतों में भी किए गए। कंधार तालिबान नेताओं का गढ़ माना जाता है। उसका कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ हमलों के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

## यहूदी स्कूल के पास विस्फोट

### इमारत को नुकसान, मेयर ने कहा- यहूदी समुदाय को निशाना बनाया गया

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**



नीदरलैंड के शहर एम्स्टर्डम में शनिवार तड़के यहूदी समुदाय से जुड़े एक स्कूल में विस्फोट होने से इलाके में हड़कंप मच गया। धमाके की वजह से इमारत को नुकसान पहुंचा है। डच मीडिया के हवाले से ब्रिटेन के समाचार चैनलस्काई न्यूज ने बताया कि शहर की मेयर फेम्के हल्सेमा ने इस घटना को यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हमला बताया है।

उन्होंने कहा कि एम्स्टर्डम में यहूदी लोग लगातार बढ़ती यहूदी-विरोधी घटनाओं का सामना कर रहे हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंच गए और स्थिति को जल्दी ही नियंत्रण में कर लिया गया।

हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस घटना में कोई घायल हुआ है या नहीं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका (संयुक्त राज्य अमेरिका) और इज़राइल (इज़राइल) हैं, जबकि दूसरी ओर ईरान (ईरान) और हिजबुल्लाह (हिजबुल्ला) के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और क्षेत्र में लगातार बमबारी और सैन्य कार्रवाई जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गए और स्थिति को जल्दी ही नियंत्रण में कर लिया गया। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस घटना में कोई घायल हुआ है या नहीं।


### रियल एस्टेट- छोटे शहरों में प्रॉपर्टी नया सोना

नई दिल्ली। अगर आप जमीन-जायदाद में निवेश की सोच रहे हैं तो जल्द फैसला करना फायदेमंद हो सकता है। इंदौर, भोपाल, जयपुर, पटना, रांची और लुधियाना जैसे टियर-2,3 शहर बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्रॉपटेक कंपनी स्क्वेयर यार्ड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 2 से 4 साल में इन शहरों में प्लॉट के दाम 25% से लेकर 100% तक बढ़ सकते हैं। स्क्वेयर यार्ड्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में 12.2 लाख करोड़ के सरकारी पूंजी निवेश, नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और रोजगार विस्तार की वजह से छोटे शहरों की जमीन आगामी वर्षों में सबसे तेज रफ्तार से महंगी होगी। इंदौर, जयपुर, भुवनेश्वर, कटक, वाराणसी और पुरी जैसे शहर इस लहर की अगुआई करेंगे। यह कोई नई शुरुआत नहीं है। 2020 से 2025 के बीच भी छोटे-मझोले शहरों में जमीन और मकान, दोनों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

# उत्तर कोरिया ने दागीं 10 बैलिस्टिक मिसाइलें

### अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास के बीच बढ़ा तनाव

**फियोंगयांग, एजेंसी**



उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार यह प्रक्षेपण ऐसे समय किया गया है, जब दक्षिण कोरिया और United States के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास चल रहा है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के मुताबिक मिसाइलें Pyongyang के पास स्थित सुनान क्षेत्र से दागी गईं। शुरुआती जानकारी के अनुसार इन मिसाइलों ने लगभग 350 किलोमीटर तक उड़ान भरी। Japan के रक्षा मंत्रालय ने भी पुष्टि की कि ये हथियार जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के बाहर समुद्र में गिरे और किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा है कि उसने निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। किसी भी अतिरिक्त प्रक्षेपण की आशंका को देखते हुए सेना पूरी तरह सतर्क है। सियोल, वॉशिंगटन और टोक्यो इस पूरे घटनाक्रम को लेकर आपस में सूचनाएं साझा कर रहे हैं। यह मिसाइल परीक्षण ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया का वार्षिक फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास 9 मार्च से 19 मार्च 2026 तक चल रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की संयुक्त सैन्य क्षमता और युद्धक तैयारियों को परखना बताया गया है। उत्तर कोरिया लंबे समय से अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को हमले की तैयारी बताता रहा है। इसी पृष्ठभूमि में उत्तर कोरिया के नेता Kim Jong Un की बहन Kim Yo Jong ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर उत्तर कोरिया की सुरक्षा को चुनौती दी गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। तनाव इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणालियों जैसे थाड और पैट्रियट को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

### बढ़ोतरी : ₹3,000 की जगह ₹3,075 देने होंगे, 52 लाख से ज्यादा यूजर्स पर पड़ेगा असर

# 1 अप्रैल से महंगा हो जाएगा फास्टैग एनुअल पास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगले महीने यानी 1 अप्रैल से नेशनल हाईवे पर सफर करना थोड़ा महंगा हो जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने फास्टैग (FASTag) एनुअल पास की कीमतों में 2.5% की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। अब प्राइवेट गाड़ी मालिकों को सालाना पास के लिए 3,000 रुपए की जगह 3,075 रुपए चुकाने होंगे। यह पास कार यूजर्स को देशभर के 200 टोल प्लाजा पर बिना रुके सफर करने की सुविधा देता है। सरकार ने 15 अगस्त से इस खास एनुअल पास की शुरुआत की थी, जिसे उम्मीद से कहीं ज्यादा बेहतर रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 52 लाख से ज्यादा हाईवे कार यूजर्स इस स्कीम से जुड़ चुके हैं। इस पास की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे एक साल में कितनी भी बार रिचार्ज कराया जा सकता है और यह लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों के लिए काफी किफायती साबित होता है। इस पास की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे एक साल में कई बार रिचार्ज कराया जा सकता है। लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों के लिए यह व्यवस्था काफी किफायती और सुविधाजनक मानी जा रही है। इसे लोगों से उम्मीद से ज्यादा अच्छा प्रतिसाद मिला है। अब तक करीब 52 लाख से ज्यादा हाईवे कार उपयोगकर्ता इस योजना से जुड़ चुके हैं।

> **"सड़क परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, जब फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत की गई थी, तभी इसके नोटिफिकेशन में हर साल कीमतों की समीक्षा और बदलाव का प्रावधान रखा गया था। यह बढ़ोतरी उसी सालाना रिवीजन प्रक्रिया का हिस्सा है। देश भर में हाईवे टोल की दरों में बदलाव के लिए जो फॉर्मूला तय है, उसी के आधार पर इस बार 2.5% की वृद्धि की गई है।"**




### 31 मार्च तक पुराने रेट पर खरीदने का मौका

अगर आप अक्सर हाईवे पर सफर करते हैं और इस बढ़ोतरी से बचना चाहते हैं, तो आपके पास अभी मौका है। अधिकारियों ने बताया कि जो यूजर्स 31 मार्च तक अपना पास रिचार्ज करा लेंगे या नया पास खरीदेंगे, उन्हें यह पुराने रेट यानी 3,000 रुपए में ही मिल जाएगा। 1 अप्रैल की सुबह से सिस्टम में नई दरें अपडेट कर दी जाएंगी।

### 200 टोल प्लाजा पर मिलती है सुविधा

यह एनुअल पास फिलहाल देश के प्रमुख 200 टोल प्लाजा पर मान्य है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि बार-बार टोल टैक्स कटने की झंझट से भी मुक्ति मिलती है। सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में इस पास के दायरे में और भी अधिक टोल प्लाजा को शामिल करना है, ताकि कैशलेस इकोनॉमी और स्मूद ट्रैवल को बढ़ावा दिया जा सके।

# एअर इंडिया के बाद इंडिगो की भी टिकटें हुई महंगी

### घरेलू उड़ानों पर 425 और इंटरनेशनल पर 2300 तक एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा

**एयरलाइंस के लिए जेट-फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है। कुल ऑपरेटिंग खर्च में इसकी हिस्सेदारी 30% से 40% होती है।**



**नई दिल्ली, एजेंसी**

एअर इंडिया के बाद इंडिगो की फ्लाइट्स भी कल से महंगी हो जाएंगी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी ने सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 'फ्यूल सरचार्ज' लगाने की घोषणा की है एयरलाइन ने बताया कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग की वजह से जेट फ्यूल की कीमतें 85% तक बढ़ गई हैं। इस कारण घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स की टिकटों पर 425 से 2300 तक सरचार्ज लगाया जाएगा। एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज के साथ टिकटों की नई कीमतें 14 मार्च रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। इंडिगो ने यात्रियों पर पड़ने वाले बोझ को कम रखने के लिए अलग-अलग दूरी के हिसाब से चार्ज तय किया है। कंपनी ने कहा कि जेट फ्यूल की कीमत बढ़ने से बढ़ी हुई लागत को वसूलने के लिए किराए में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की जरूरत थी। इंडिगो ने कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर इन चार्जेस में बदलाव किया जाएगा। एअर इंडिया ने 12 मार्च से घरेलू फ्लाइट टिकटों पर 399 रुपए का फ्यूल सरचार्ज लगा रही है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533 R.N.I. NO. 64107/96**